इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






# रूस से तेल खरीदने पर चीन पर टैरिफ नहीं लगाया, तो भारत पर क्यों ? जयशंकर की ट्रंप को दो टूक

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच इन दिनों ट्रेड, रूसी तेल खरीद, और रणनीतिक मुद्दों को लेकर खींचतान चल रही है। इसी बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिका को दो टूक जवाब देते हुए कहा कि भारत अपनी तीन प्रमुख 'रेड लाइन्स' पर कोई समझौता नहीं करेगा। जयशंकर ने स्पष्ट किया कि भारत के किसानों और छोटे उत्पादकों के हित सबसे पहले हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर बातचीत जारी है, लेकिन भारत की प्राथमिकताएं तय हैं। उनका कहना था, 'हम किसी दबाव में नहीं आएंगे, न ही राष्ट्रीय हितों से समझौता करेंगे।'

### रणनीतिक स्वायत्तता है भारत की पहचान

जयशंकर ने कहा कि भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को हर हाल में बनाए रखेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत-पाकिस्तान मुद्दे में किसी भी तरह की मध्यस्थता को सिरे से खारिज करता है। यह भारत की विदेश नीति की स्पष्ट और स्थायी स्थिति है।

### रूस से तेल खरीद पर दोहरा मापदंड क्यों ?

रूस से भारत द्वारा तेल खरीद को लेकर उठे विवाद पर



जयशंकर ने अमेरिका से तीखा सवाल किया। उन्होंने पूछा, 'अगर रूस से तेल खरीदने पर भारत को टारगेट किया जा रहा है, तो फिर चीन को क्यों नहीं रोका गया? चीन रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार है, लेकिन उस पर कोई टैरिफ नहीं लगाया गया।'

### वे खुद भी रूसी तेल या उससे जुड़े उत्पाद खरीदते हैं

उन्होंने अमेरिका और यूरोप पर निशाना साधते हुए कहा कि वे खुद भी रूसी तेल या उससे जुड़े उत्पाद खरीदते हैं। 'अगर आपको रूस से तेल लेना पसंद नहीं, तो मत खरीदिए। लेकिन भारत को उपदेश देने से पहले खुद पर भी नजर डालिए।'

### भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ, लेकिन निर्णय अडिग

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगाया है क्योंकि भारत रूस से सस्ते दामों पर तेल खरीद रहा है। हालांकि जयशंकर ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत की ऊर्जा नीति उसके राष्ट्रीय हितों पर आधारित है और तेल खरीद में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

### भारत-अमेरिका रिश्तों में संवाद जारी

जयशंकर ने कहा कि अमेरिका से भारत की 'कट्टी' नहीं है, बल्कि दोनों देशों के बीच संवाद और बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि भारत किसी के साथ टकराव नहीं चाहता लेकिन राष्ट्रीय सम्मान और नीतियों पर समझौता भी नहीं करेगा।

### भारत किसी देश के दबाव में नहीं आएगा

बहरहाल भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह किसी भी वैश्विक दबाव में आकर अपने राष्ट्रीय हितों, किसानों के हक और रणनीतिक निर्णयों को नहीं बदलेगा। विदेश मंत्री जयशंकर का सीधा और मजबूत रुख यही दिखाता है कि आज का भारत स्पष्ट, साहसी और आत्मनिर्भर विदेश नीति अपना रहा है।

# 12 करोड़ कैश, 6 करोड़ की ज्वेलरी, ईडी की छापेमारी के बाद कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र गिरफ्तार

गंगटोक । केसी वीरेंद्र के गोवा में पांच कसीनो पर भी छापेमारी की गई है। जांच एजेंसी को पता चला है कि कांग्रेस विधायक कई ऑनलाइन सट्टेबाजी साइट्स चला रहे थे।



जांच एजेंसी ईडी ने कर्नाटक कांग्रेस के विधायक केसी वीरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी ने 22 और 23 अगस्त को केसी वीरेंद्र के बेंगलुरु, हुबली, मुंबई, जोधपुर, गोवा में कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। केसी वीरेंद्र के गोवा में पांच कसीनो पर भी छापेमारी की गई। जांच एजेंसी को पता चला है कि कांग्रेस विधायक कई ऑनलाइन सट्टेबाजी साइट्स चला रहे थे। ईडी को छापेमारी में कांग्रेस विधायक के ठिकानों से 12 करोड़ रुपये कैश बरामद हुआ है। इसमें एक करोड़ रुपये की विदेशी करेंसी भी शामिल है और कई लग्जरी गाड़ियां भी मिली हैं। इसके अलावा, लगभग 6 करोड़ की कीमत के सोने के आभूषण और 10 किलो चांदी भी मिली है।

### 30 ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

विधायक की गिरफ्तारी गंगटोक से हुई है। बताया जा रहा है कि विधायक अपने कुछ साथियों के साथ गंगटोक में कसीनो के लिए एक जमीन लीज पर लेने के लिए गए थे। ईडी ने वीरेंद्र के 30 ठिकानों पर छापेमारी की थी और इसके बाद 17 बैंक खाते और दो बैंक लॉकर्स को फ्रीज कर दिया। वीरेंद्र के भाई केसी नागराज और उनके बेटे पृथ्वी एन. राज के परिसरों से कई अहम डॉक्यूमेंट जब्त किए गए हैं।

### एक और विधायक के घर पर हुई थी छापेमारी

कुछ दिन पहले ईडी ने कर्नाटक में कांग्रेस के एक और विधायक सतीश कृष्ण सैल के घर और ठिकानों पर छापेमारी की थी और तब भी जांच एजेंसी को बेहिसाब संपत्ति मिली थी। श्ब्ष्ठ ने छापेमारी में 1.7 करोड़ रुपये और 6.8 किलोग्राम सोना जब्त किया था। कृष्ण सैल कारवार-अंकोला सीट से विधायक हैं।

# उपराष्ट्रपति चुनाव : अमित शाह और राजनाथ सिंह ने की सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात, चुनाव पर हुआ मंथन!

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की और उन्हें उनकी उम्मीदवारी के लिए शुभकामनाएं दीं। यह मुलाकात उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले एनडीए की एकजुटता और राधाकृष्णन के प्रति समर्थन को दर्शाती है।



### अमित शाह ने जताया भरोसा

अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, सीपी राधाकृष्णन एक अनुभवी नेता हैं, जिनके पास व्यापक संगठनात्मक और प्रशासनिक अनुभव है। मुझे विश्वास है कि वे राष्ट्रीय विमर्श में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। शाह ने राधाकृष्णन को एक दूरदर्शी नेता बताते हुए उनके अनुभव को राज्यसभा की गरिमा बढ़ाने वाला बताया।

### राजनाथ सिंह ने दी बधाई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी 'एक्स' पर तस्वीरें साझा कर लिखा, थिरु सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सीएम साय का जापान दौरा : खुले निवेश के द्वार; छत्तीसगढ़ के आईटी, टेक्सटाइल्स और एयरोस्पेस के स्कोप पर मंथन

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने अपने जापान प्रवास के दौरान टोक्यो में जापान एक्सटर्नल ट्रेड आर्गनाइजेशन (जेट्रो) के वरिष्ठ प्रतिनिधियों नाकाजो काज़ुया, एंडो युजी और हारा हारुनोबू से भेंट कर निवेश एवं औद्योगिक सहयोग के संभावनाओं परचर्चा की। बैठक में आईटी, टेक्सटाइल्स, एयरोस्पेस, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ की अपार संभावनाओं पर बल दिया गया।



मुख्यमंत्री ने जेट्रो के प्रतिनिधियों को प्रदेश की तेज़ी से प्रगति कर रही अर्थव्यवस्था में निवेश के नए अवसर तलाशने करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़, भारत के हृदय स्थल में स्थित एक उभरता हुआ औद्योगिक एवं निवेश गंतव्य है। राज्य सरकार पारदर्शी नीतियों, सुगम प्रक्रियाओं और मजबूत औद्योगिक आधारभूत संरचना के माध्यम से वैश्विक निवेशकों को आकर्षित कर रही है। जेट्रो प्रतिनिधियों के साथ हुई चर्चा से छत्तीसगढ़ और जापान के बीच आर्थिक सहयोग की नई संभावनाओं को बल मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर आयोजित 'Deep Space-To the Moon & Beyond' प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान और नवाचारों की यह समृद्ध झलक, आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में भारत सरकार के सहयोग से विकसित किए जा रहे स्पेस मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर को नई दिशा और प्रेरणा देगी।

सीएम साय ने विश्वास व्यक्त किया कि जापान प्रवास से छत्तीसगढ़ को निवेश, नवाचार और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के क्षेत्र में ठोस परिणाम प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य प्रदेश को न केवल औद्योगिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है बल्कि उसे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से विश्व पटल पर एक सशक्त पहचान दिलाना भी है।

# शराब घोटाला : जमानत की राह देख रहे पूर्व सीएम के बेटे को फिर झटका, कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

रायपुर(दावा)। शराब घोटाले के आरोप में गिरफ्तार छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। कोर्ट का ये फैसला बघेल परिवार के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। क्योंकि बघेल परिवार जमानत की राह देख रहा था।



प्रवर्तन निदेशालय के वकील सौरभ पांडे ने बताया कि शराब घोटाले में हमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की भूमिका का पता चला और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी पाँच दिन की पुलिस रिमांड आज पूरी हो गई और हमने अदालत से 14 दिन की न्यायिक हिरासत मांगी, जो मंजूर कर ली गई है। अगली सुनवाई 6 सितंबर को है और चैतन्य बघेल जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

### 18 अगस्त को ईडी ने किया था गिरफ्तार

चैतन्य बघेल को कथित शराब घोटाला मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने आरोपी बनाया था। इससे पहले 18 अगस्त को ईडी ने पांच दिन की रिमांड ली थी। इस दौरान चैतन्य (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पीएम मोदी ने खुद को भी छूट देने से किया इनकार, मंत्रियों को बर्खास्त करने वाले बिल पर रिजिजू का बड़ा बयान

नई दिल्ली। केंद्र की तरफ से इस सप्ताह की शुरुआत में तीन विधेयक पेश किए गए थे, जिसमें 5 साल की जेल की सजा पाए या 30 दिनों तक हिरासत में रखे गए मंत्रियों को पद से स्वतः बर्खास्त करने की व्यवस्था की गई थी। अब केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इसे लेकर बड़ा बयान दिया है।



किरेन रिजिजू ने कहा है कि पीएम मोदी ने खुद को इस बिल में छूट देने से साफ इनकार कर दिया था। रिजिजू ने कहा कि पहले यह सुझाव आया था कि प्रधानमंत्री को इस प्रविधान से बाहर रखा जाए, लेकिन पीएम मोदी ने ये सुनते ही इससे इनकार कर दिया था।

### पीएम मोदी ने नहीं लिया स्पेशल प्रोटेक्शन

न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए किरेन रिजिजू ने कहा, पीएम मोदी ने कैबिनेट को बताया कि प्रधानमंत्री को इस बिल से बाहर रखने की सिफारिश की गई है। इसके बाद उन्होंने इस पर खुद ही असहमति जता दी और कहा कि प्रधानमंत्री भी नागरिक है और उन्हें स्पेशल प्रोटेक्शन नहीं मिलना चाहिए।

रिजिजू ने कहा, ज्यादातर सीएम हमारी पार्टी के हैं। अगर वो कोई गलती करते हैं, तो उन्हें अपने पद छोड़ने पड़ेंगे। नैतिकता का कुछ मतलब भी होना चाहिए। किरेन रिजिजू ने विपक्ष पर भी निशाना साधा और कहा कि अगर उन्होंने नैतिकता को ध्यान में रखा होता, तो इस बिल का स्वागत करते।

बता दें कि केंद्र की तरफ से केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025, संविधान (एक सौ तीसवाँ संशोधन) विधेयक, 2025, और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किए गए थे। लेकिन विपक्ष के भारी हंगामे के बीच बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया।

# जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा... सीबीआई के एक्शन पर अनिल अंबानी का आया जवाब



नई दिल्ली। सीबीआई ने अनिल अंबानी के घर और रिलायंस कम्युनिकेशंस के दफ्तर पर शनिवार को छापा मारा। यह कार्रवाई भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शिकायत पर हुई। एसबीआई का कहना है कि कंपनी ने धोखाधड़ी करके उसे 2,929 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया है। सीबीआई ने अनिल अंबानी के मुंबई स्थित घर और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के दफ्तर पर शनिवार को तलाशी ली। एसबीआई की शिकायत के बाद जांच (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# कल से अमेरिका के लिए भारतीय डाक सेवाएं सस्पेंड-सिर्फ 8700 रु. तक के डॉक्यूमेंट-गिफ्ट भेज सकेंगे; अमेरिकी टैरिफ की वजह से फैसला

नयी दिल्ली। भारतीय डाक विभाग ने अमेरिका के लिए पत्र और 100 डालर मूल्य तक के उपहार को छोड़कर अन्य पार्सल की बुकिंग को फिलहाल बंद करने का फैसला लिया है।



संचार मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार यह निर्णय अमेरिकी सरकार के 30 जुलाई के उस निर्णय के मद्देनजर लिया गया है जिसमें वहां डाक से पहुंचने वाले 800 डॉलर मूल्य तक के शुल्क मुक्त प्रवेश की व्यवस्था 29 अगस्त से खत्म् की जा रही है।

भारतीय संचार विभाग ने कहा 'उपरोक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग ने, सिवा उन पत्रों, दस्तावेजों और उपहार की उन वस्तुओं जिनका मूल्य 100 डालर तक है, अमेरिका जाने वाली सभी वस्तुओं की डाक बुकिंग 25 अगस्त 2025 से अस्थायी रूप से निलम्बित करने का निर्णय लिया है।'

अमेरिकी प्रशासन के आदेश के अनुसार वहां, हालांकि डाक से आने वाले 100 डॉलर मूल्य तक के उपहार की वस्तुओं को नये फैसले के दायरे से बाहर रखते हुए उन्हें शुल्क मुक्त रखा गया है।

भारतीय संचार विभाग ने कहा है कि अमेरिका के नये आदेश में ऐसी खेप पर शुल्क की वसूली और जमा कराने की व्यवस्था के स्पष्ट नहीं होने के कारण भारतीय डाक विभाग ने चिट्ठी पत्र और दस्तावेज तथा 100 डालर तक के उपहार के सामान के अलावा सभी तरह के पार्सल की बुकिंग रोक है।

अमेरिका के उस आदेश के अनुसार डाक नेटवर्क से वहां पहुँचने वाले बाहरी सामान पर शुल्क की वसूली और जमा नहीं कराने का जिम्मा माल पहुंचाने वाली कंपनियों या अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा-सीबीपी द्वारा अनुमोदित इकाइयों की होगी। इस मामले में अमेरिका के सीमा शुल्क-सीबीपी ने 15 अगस्त को कुछ दिशा निर्देश जारी किए थे लेकिन भारत का मानना है कि शुल्क वसूली (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# 'चंद्रमा, मंगल तक पहुंच गए, अब गहरे अंतरिक्ष में झांकना है', पीएम मोदी ने दिया नया लक्ष्य

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विज्ञानियों को नया लक्ष्य देते हुए कहा कि अगला कदम गहन अंतरिक्ष का अन्वेषण करना है। प्रधानमंत्री ने विज्ञानियों से गहरे अंतरिक्ष अन्वेषण मिशन की तैयारी करने का आग्रह किया ताकि मानवता के भविष्य को उजागर करने वाले रहस्यों को समझा जा सके।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर वीडियो संबोधन में पीएम मोदी ने घोषणा की कि भारत 'अंतरिक्षयात्री पूल' तैयार कर रहा है। उन्होंने युवाओं को इस पूल या समूह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। गौरतलब है कि 2023 में 23 अगस्त को ही चंद्रयान-3 मिशन के तहत भारत चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश बना था। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता की याद में हर साल 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाता है।



### वैज्ञानिकों के नाम दिया संबोधन

पीएम मोदी ने कहा, हम चंद्रमा और मंगल तक पहुंच गए हैं। अब हमें गहरे अंतरिक्ष में झांकना है, जहां मानवता के भविष्य के लिए लाभकारी कई रहस्य छिपे हैं। अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद एक उपलब्धि हासिल करना अब भारत और उसके वैज्ञानिकों का स्वाभाविक गुण बन गया है। अंतरिक्ष का अनंत विस्तार हमें लगातार याद दिलाता है कि कोई भी मंजिल अंतिम नहीं होती।

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत सेमी-क्रायोजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारतीय विज्ञानियों की कड़ी मेहनत की बदौलत भारत जल्द ही गगनयान मिशन लांच करेगा और अपना अंतरिक्ष स्टेशन भी बनाएगा।प्रधानमंत्री ने निजी क्षेत्र के उद्यमियों से यह भी पूछा कि क्या अगले पांच वर्षों में पांच स्टार्टअप यूनिकार्न बन सकते हैं। प्रधानमंत्री ने निजी क्षेत्र के आगे आने की इच्छा जताई ताकि भारत अगले पांच वर्षों में हर साल 50 राकेट प्रक्षेपित कर सके।

### शुभांशु शुक्ला का किया जिक्र

पीएम ने कहा कि तीन दिन पहले ही उनकी मुलाकात ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से हुई थी, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर राष्ट्रीय (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## पहला कॉलम...

### गंज लाइन में बैल दौड़ प्रतियोगिता संपन्न 15 जोड़ों ने लिया भाग



राजनांदगांव (दावा)। डबल बैल जोड़ी में प्रथम पुरस्कार फेरुराम सोनकर नंदई, वहीं सिंगल बैल दौड़ में दौलत सोनकर लखोली के बैल जीते। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार अलग से दिया गया।

### ईसाई समुदाय नें मधुसूदन को बधाई



राजनांदगाव (दावा)। शहर के प्रथम नागरिक महापौर मधुसूदन यादव के जन्मदिन के अवसर पर जिला के ईसाई समुदाय ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर ईसाई समुदाय के भाजपा अल्पसंख्यक के प्रदेश पदाधिकारी डॉ. आशीष युसुफ के साथ समुदाय के रेव्ह डॉ. फ्रांसिस नाग, रेव्ह अतुल्य मसीह, रेव्ह डॉ. जॉन वेसली, रेव्ह पंचम, रेव्ह साबू जॉर्ज उपस्थित रहे।

### आज रग्बी प्रतियोगिता

राजनांदगांव (दावा)। लायंस क्लब ऑफ नांदगांव के द्वारा रग्बी कोच के समायोजन से राज्य स्तरीय ट्राई साइकिल विकलांगों की रग्बी प्रतियोगिता आज 24 अगस्त रविवार को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक आयोजित की जा रही है। जिसमें राष्ट्रीय स्तर में भाग लेने के लिए खिलाड़ि यों का चयन भी किया जाएगा। उक्त आयोजन स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम के बास्केटबाल ग्राउंड में किया जाएगा। आप सभी से अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता में उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन कर अपनी सहभागिता देवें। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न स्थानों से प्रतियोगी भाग लेंगे।

### चयनित अभ्यर्थियों को 1 से 10 सितम्बर तक जिला मुख्यालयों में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। होमगार्ड विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में 1715 महिला नगर सैनिकों की छात्रावास तथा 500 महिला एवं पुरूष नगर सैनिक जनरल ड्यूटी हेतु भर्ती का परिणाम जारी कर दिया गया है। जिसका अवलोकन वेबसाईट http://www.cghgcd.gov.in एवं https://firenoc.cg.gov.in पर किया जा सकता है। चयनित अभ्यर्थियों को 1 से 10 सितम्बर 2025 तक जिला मुख्यालयों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

### संतराम यादव का निधन



छुरिया (दावा)। सेवा सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता संतराम यादव ग्राम डूमरडीह का शनिवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे, उनके निधन की खबर मिलते ही भाजपा नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### ओमप्रकाश कुंभकार का निधन



डोंगरगांव (दावा)। नगर पंचायत क्षेत्र के कुम्हारपारा डोंगरगांव निवासी ओमप्रकाश कुंभकार 55 वर्ष का 23 अगस्त को निधन हो गया है। वे प्रकाश पान सेंटर के संचालक थे और प्रताप व महेश के भाई हैं। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन, सामाजिक बंधु तथा बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए।

### हेमदास साहू का निधन



डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम अमलीडीह निवासी हेमदास साहू 75 वर्ष का 23 अगस्त को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। श्री साहू शिक्षक जयप्रकाश साहू और किशोर साहू के पिता है। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन, सामाजिक बंधु तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।







# सिर मुंडन कराकर एनएचएम कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ कराया विरोध दर्ज

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश सहित पूरे जिले भर में अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। इस बीच शनिवार को हड़ताली कर्मचारियों ने संविदा कर्मियों के शोषण के खिलाफ अपना सिर मुंडा कर विरोध जताया। इसके पहले सरकार को जगाने के लिए खून से चिट्ठी लिखी गई। इसके पहले शुक्रवार को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहरा कर तथा आए दिन रोजाना नए - नए उपक्रम कर राज्य सरकार को जगाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन सरकार की सेहत पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा। बावजूद इसके एनएमएच के कर्मी अपनी मांगों को लेकर पूरे प्राण-प्रण से डटे हुए हैं।

बता दें कि इन कर्मियों के हड़ताल के बीच छ.ग. कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन भी अपनी मांगों के संदर्भ में कलम बंद हड़ताल कर इसमें और एक तड़का लगा दिया था। इससे शासकीय दफ्तरों में सन्नाटा पसरा रहा, ज्यादातर स्कूले भी बंद रही। एक तो एनएमएच कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से शहर सहित जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था बे-पटरी हुई पड़ी है। ऊपर से कर्मचारियों-अधिकारियों की हड़ताल से दफ्तरों में सन्नाटा पसर गया। वहीं दूसरी दिन पोला त्योहार होने व इसके अगले दिन रविवार सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से स्कूल दफ्तर आदि पूरी तरह खुल नहीं पाए व सन्नाटा पसरा रहा। इससे शासकीय कार्यालयों में जरुरी काम लेकर आने वालों को खासी परेशानी हुई।

### स्वास्थ्य मंत्री को खून से लिखी गई चिट्ठी

बताते चलें कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के हड़ताली कर्मचारियों द्वारा आएं दिन नए-नए स्वरुपों में आंदोलन कर शासन-प्रशासन का भरसक ध्यान आकृष्ट करने का प्रयास किया जा रहा हैं। लेकिन सरकार का



○ राज्य सरकार को जगाने खून से लिखी गई चिट्ठी
○ कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

ध्यान इस ओर जा ही नहीं रहा है। हड़ताल के पहले दिन हड़ताली कर्मियों ने अपने दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि दी, वहीं दूसरे दिन प्रदेश सरकार को सद्बुद्धि देने के लिए यज्ञ-हवन किया गया। तीसरे दिन मोटर सायकल रैली निकाली गई। इसके बाद राष्ट्र ध्वज तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगों का ध्यान आत्कृष्ट किया। वहीं पांचवें दिन उक्त अनिश्चितकालीन हड़ताल किए जाने के बावजूद सरकार द्वारा अनदेखी किए जाने से स्वास्थ्य मंत्री को खून से चिट्ठी लिखा गया।

### सरकार ने भूला दी है अपनी चुनावी वादे

संघ का कहना है कि सरकार ने चुनाव के समय जो वादे किए थे उसे भुला दी है। उन्हें याद दिलाने आंदोलन के दौरान तरह-तरह के उपक्रम कर उन्हें जगाने का प्रयास किया जा रहा है। संघ की अध्यक्ष डॉ. किरण गायकवाड़ ने बताया कि सरकार द्वारा उनकी एक भी मांग नहीं मानने पर उन्हें 18 अगस्त से एनएमएच कर्मचारियों को अनिश्चितकालीन हड़ताल में उतरना पड़ा है।

मोहला-मानपुर क्षेत्र में हड़ताल में जुटी महिलाएं युवतियों ने हाथों में मेंहदी रचा कर तथा उसमें अपनी 10 सूत्रीय मांग लिख कर विरोध जताया। फिर भी सरकार की सेहत पर कोई भी फर्क नहीं पड़ रहा है। बता दें कि इस हड़ताल में डाक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, प्रबंधकीय संवर्ग और अन्य सभी संवर्ग के कर्मचारी शामिल हैं। इससे स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में उप-स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर बड़े अस्पतालों तक मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह कई स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे-टीकाकरण, मातृ एवं शिशु सेवाओं, एनआरसी, डाटा एंट्री, रिपोर्टिंग और अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों पर भी इसका असर पड़ रहा है।

### मांगे पूरी नहीं होने तक हड़ताल रहेगा जारी

एनएमएच कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता, हड़ताल जारी रहेगी। एनएचएम कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. गायकवाड़ ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में नियमितिकरण, ग्रेड पे निर्धारण, पब्लिक कैडर की स्थापना, मेडिकल अवकाश और अनुकंपा नियुक्ति सहित 10 सूत्रीय मांगें है। उनका कहना है कि वे पिछले कई वर्षों से अपनी मांगों को सरकार के समक्ष रख रहे हैं लेकिन उनकी मांगों की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण उन्हें मजबूरन हड़ताल में उतरना पड़ा है। इस तरह देखा जाए तो एन एम एच कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई हुई है। मरीजों का इलाज नहीं हो पा रहा है। बगैर इलाज करवाए उन्हें लौटना पड़ रहा है।

## शासकीय नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाला शातिर ठग गिरफ्तार

खैरागढ़ (दावा)। शासकीय नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाला शातिर ठग को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना खैरागढ़ क्षेत्र में आरोपी संतराम भारती पिता सुखदेव भारती, उम्र 32 वर्ष, निवासी मुहडबरी, थाना छुईखदान, जिला केसीजी द्वारा कलेक्टर ऑफिस में शासकीय नौकरी दिलाने का झांसा देकर लोगों से ठगी की गई। आरोपी ने विभिन्न व्यक्तियों से कुल रूपये 13,50,000 की




0 खैरागढ़ पुलिस की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही, सूचना के कुछ ही घंटों में आरोपी गिरफ्तार,
0 आरोपी को गंभीर धाराओं में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया

धोखाधड़ी की। सूचना प्राप्त होते ही थाना खैरागढ़ में अपराध क्रमांक 416/25, धारा 318(4), 336(3), 338, 340(1), 340(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना टीम ने आवश्यक साक्ष्य संकलित कर आरोपी संतराम भारती को तत्काल गिरफ्तार किया तथा न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

## मधुसूदन यादव के जन्मदिन पर रमेश पप्पू चंद्राकर ने 44वीं बार रक्तदान किया



राजनांदगांव (दावा)। जिले में महापौर मधुसूदन यादव का जन्म दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम मधुसूदन यादव अपनी धर्मपत्नी श्रीमती करुणा यादव के साथ शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना किया और जिलेवासियों व नगरवासियों की सुख समृद्धि, खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात समर्थकों ने पगड़ी, फूल माला पहनाकर, गुलदस्ता भेंटकर केक, काटकर अपने समर्थकों से मुलाकात किया। श्री यादव के जन्म दिवस पर उसके समर्थक आज सिविल लाइन पहुंचकर जन्म दिवस पर बधाई या एवं खुशियां बाटी। साथ ही सिविल लाईन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राजनांदगांव जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश पप्पू चंद्राकर ने 44 वां बार अपना रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि उनकी उम्र भी 44 वर्ष है और वह 44वां बार रक्तदान कर रहा है। उन्होंने महापौर के जन्मदिन पर उन्हें बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं भी दिए। मंडल अध्यक्ष मनोज साहू ने भी 34वां बार रक्तदान किया।

## बीजेपी सरकार की प्राथमिकता मंत्रिमंडल विस्तार - राम साहू



राजनांदगांव(दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी संयुक्त महामंत्री राम साहू ने विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार की मंत्रिमंडल विस्तार की कवायद और प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सरकार को नौटंकीबाज करार देते हुए कहा कि जब छत्तीसगढ़ चाकूबाजी, हत्याओं, ट्रिपल मर्डर, बम ब्लास्ट, गोलीकांड, और नशे के कारोबार की आग में जल रहा है, तब सरकार का ध्यान अपराधों पर अंकुश लगाने के बजाय कुर्सी की सियासत में उलझा है। कांग्रेस नेता राम साहू ने तंज कसते हुए कहा, प्रदेश में बढ़ता प्रशासनिक आतंकवाद, आरटीओ की लूट, जिले में बढ़ता नशे का व्यापार, भूमाफियाओं का गुंडाराज, मर्डर, रायपुर में डिलीवरी बॉय की चाकूबाजी से हत्या, सूरजपुर में डबल मर्डर, और आ आए दिन बम ब्लास्ट व गोलीकांड की खबरें - छत्तीसगढ़ तो अब अपराध का अड्डा बन गया है। लेकिन भाजपा सरकार को जनता की सुरक्षा से ज़्यादा मंत्रिमंडल विस्तार का सियासी ड्रामा रास आ रहा है। ये तो वही बात है कि घर में आग लगी हो और लोग दीवाली के पटाखे छुड़ाने की तैयारी कर रहे हों।

## जिले में प्रारंभ होगा नवनिर्मित एजुकेशन हब

राजनांदगांव (दावा)। जिले में नवनिर्मित एजुकेशन हब परिसर में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय इस वर्ष से प्रारंभ होगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के विशेष प्रयासों से इसी सत्र में 500 सीटर नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव प्रारंभ करने हेतु 43 लाख 90 हजार रूपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज नवनिर्मित एजुकेशन हब परिसर में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने अकादमिक कैम्पस में शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रयास आवासीय विद्यालय के पूर्ण होने से विद्यार्थियों की शिक्षा सुचारू तरीके से प्रारंभ की जा सकेगी। उन्होंने मिशन मोड में रेलिंग, पेंट एवं पुट्टी, इंटर लॉकिंग, एल्युमिनियम सेक्शन एवं दरवाजा लगाने का कार्य शीघ्र पूरा करने के



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के विशेष प्रयासों से 500 सीटर नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय प्रारंभ करने हेतु 43 लाख 90 हजार रूपए की स्वीकृति हुई प्राप्त

लिए कहा। उन्होंने हॉस्टल के पीछे गर्ल्स हास्टल के पास बाउन्ड्रीवाल निर्माण के लिए प्राक्कलन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अध्ययन कक्ष, प्राचार्य कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष, कम्प्यूटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि नवनिर्मित एजुकेशन हब परिसर में प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित किया जाना है। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत 500 सीटर नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव प्रारंभ करने हेतु 43 लाख 90 हजार रूपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव के लिए पदों के सृजन के लिए सहमति प्रदान करते हुए प्रशासकीय अधिकारी के 2 पद, छात्रावास अधीक्षक के 4 पद, रिसेप्शनिस्ट सह कम्प्यूटर ऑपरेटर के 2 पद, स्टोर कीपर सह लेखापाल के 2 पद की सहमति प्रदान की गई है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग सुश्री दीक्षा गुप्ता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
### छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
### // प्रारंभिक अधिसूचना //

क्र./2423/भू-अर्जन/2025 — मोहला-मानपुर, अं.चौकी, दिनांक 26.06.2025

**क्रमांक/202407300300023/अ-82/2023-24** चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि, नीचे अनुसूची के कालम (1) से (5) में वर्णित भूमि की अनुसूची के कालम (7) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पढ़ने की संभावना है, अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जावेंगा) की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन एतद् द्वारा, अनुसूची के कालम (6) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है।

// अनुसूची //

| भूमि का प्रकार | | | | | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम/ प.ह.न. | खसरा नं0 | क्षेत्रफल (हे0में) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| मोहला-मानपुर -अं.चौकी | अं.चौकी | पांगरी प.ह.नं. 28 | 199/1 | 0.0042 | महाप्रबंधक छ.ग. रोड एण्ड इन्फ्रा डेव्हलपमेंट कार्पोरशन लिमिटेड रायपुर | लोहारा-रेंगाडबरी-जुना पानी-अं.चौकी मार्ग चौडीकरण |
| योग | | | 01 | 0.0042 | | |

1. यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात निर्धारण के निष्कर्षो के बारे में अपना दावा/आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम, 2013 की धारा 15 की उप धारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा।
2. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मोहला के न्यायालय में किया जा सकता है।
3. प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है।
4. प्रस्तावित प्रयोजन के भू-अर्जन के लिये कराये गये सामाजिक समाघात अध्ययन के अनुसार भूमि का अर्जन अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना प्रस्तावित है तथा भूमि अर्जन से सामाजिक समाघात की तुलना में सामाजिक लाभ अधिक होना पाया गया है।
5. प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम, 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मोहला, जिला-मोहला-मानपुर, अं.चौकी को पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया जाता है

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(तुलिका प्रजापति)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

संवाद-45012/1

## आज ब्रह्माकुमारीज द्वारा विशाल रक्तदान शिविर

राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजनांदगांव द्वारा आज 24 अगस्त रविवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन होने जा रहा है। 25 अगस्त को संस्था के पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि जी का 18वीं पुण्य स्मृति दिवस है। इस दिन को ब्रह्मकुमारीज द्वारा विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया जा रहा है। 22 अगस्त से लेकर 25 अगस्त तक भारत तथा नेपाल में स्थित समस्त ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्रों पर यह रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इन चार दिनों में लगभग एक लाख यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है।

इसी के तहत ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव के नए भवन ज्ञान मानसरोवर में भी आज 24 अगस्त रविवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसमें लगभन 100 यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। यह शिविर प्रातः 9 बजे से 4 बजे तक होगा। इस शिविर के सफलता के लिए नगर के महापौर, एस पी सर तथा विभिन्न गणमान्य लोगों ने शुभकामनाएं दी है। शहर के विभिन्न समाज, समाजसेवी संस्था तथा एन जी ओ को भी इस शिविर में आमंत्रित किया गया है। इसके अतिरिक्त शहर के जो भी रक्तदाता रक्तदान करना चाहते है वे सादर आमंत्रित है। यह जानकारी स्थानीय सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी ने दी।

## वीर नारायण के शिलालेख पर कालिख पोतने से आदिवासी समाज आक्रोशित

राजनांदगांव (दावा)। पड़ोसी जिला दुर्ग के बस स्टैंड में स्थापित प्रदेश के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा के शिलालेख पर कालिख पोते जाने की घटना से आदिवासी समाज में गहरा आक्रोश फैल गया है। इस प्रकरण को लेकर गोंडवाना यूथ क्लब राजनांदगांव ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के नाम



गोंडवाना यूथ क्लब ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। यूथ क्लब ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आदिवासी समाज उग्र आंदोलन करेगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

गोंडवाना यूथ क्लब के जिला अध्यक्ष नरेंद्र मंडावी ने कहा कि वीर नारायण सिंह के शिलालेख पर कालिख पोतना न केवल शहीद का अपमान है। बल्कि पूरे आदिवासी समाज का अपमान है। यह कृत्य समाज की आस्था और परंपरा को ठेस पहुँचाने वाला है। उन्होंने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और दंडात्मक कार्यवाही की मांग की हैं। इस मौके पर क्लब के उपाध्यक्ष मुकेश ध्रुव, किशन ठाकर, सचिव सेवक उईके, कोषाध्यक्ष सोनू ओटी सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के.

347-4 148-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# पोला पर्व पर सरपट दौड़े बैल, स्पर्धा देखने उमड़ी भीड़

## पोला पर पूजे गए नंदी महाराज, गांवों से लेकर शहर तक पर्व की बिखरी रही छटा, लोगों में रहा उल्लास का माहौल

राजनांदगांव (दावा)। भाद्रपद की अमावस्या को पोला का पर्व शहर सहित अंचल भर में धूमधाम के साथ मनाया गया। भगवान शिव की सवारी नंदी और बैलों की पूजा की जाने वाली पोला पर्व को लेकर लोगों में खासा उल्लास रहा।

शहर सहित गांव-देहातों में नन्दी महराज पूजे गए, बैलों की पूजा की गई और हंसी-खुशी त्योहार मनाया बैल दौड़ प्रतियोगिता का आनंद लिया गया। शहर में गंज चौक में बाल समाज द्वारा बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, वहीं लखोली में भी स्कूल के पास से जैतखाम तक बैल दौड़ प्रतियोगिता आयोजित रही। इसी तरह चांदनी चौक चिखली में भी बैल दौड़ प्रतियोगिता की धूम रही। जिसे देखने लोगों की भीड़ उमड़ी रही। हालांकि हल्की बारिश के चलते मजा थोड़ा किरकिरा हुआ। इसके बाद भी बैल दौड़ प्रेमी बड़ी संख्या में जुटे रहे।



### शिव की सवारी नंदी बैल की हुई पूजा

शनिवार को पोला पर्व पर भगवान शिव की सवारी नन्दी बैल की पूजा की गई। लोगों ने अपने धरो में पूजा के लिए मिट्टी से बने नंदी बैल खरीद कर लाए थे जिसे पूजा स्थान में रखकर उसमें तिलक लगाया गया व हूम- धूप देकर पूजा की गई और घर में बने स्वादिष्ट व्यंजनों का भोग लगाया गया। बाद में घर-परिवार वालों द्वारा मिल-बैठकर उक्त सुस्वादु व्यंजन का आनंद उठाया गया। इसी तरह किसान भाइयों द्वारा सुबह से ही अपने बैलों को नहला- धुलाकर उसकी पूजा की गई। उसे नंदी बैल की तरह सजाया गया। पूजा पश्चात नंदी की तरह सजे बैलों को घुमाएं जाने पर लोगों ने उसका नंदी महाराज के रूप में दर्शन किए और सेर चांउर, दान-दक्षिणा भी चढ़ाया गया। बता दें कि पोला पर्व को लेकर बाजार गर्म रहा। बाजार में मिट्टी से बने पोरा-जांता व शिव की सवारी नंदी महराज का प्रतीक मिट्टी व लकड़ी से बने बैल खूब बिके। पूजा पश्चात मिट्टी से बने पोला खिलौने को लड़कियों को खेलने के लिए दे दिया गया।

### बैल दौड़ प्रतियोगिता की रही धूम

पोला त्योहार में बैल दौड़ स्पर्धा की धूम रही। शहर के गंज चौंक में बैल दौड़ प्रतियोगिता के दौरान मेला-मंडई जेसे माहौल बना रहा। गंज चौक में रइचूली, ढेलवा, बच्चों के लिए जंपिंग नेट, चाट-पकौड़े के ठेले, मनिहारी दुकान, खिलौनों की दुकान, गुपचुप ठेला फुग्गे-गुब्बारे आदि की दुकानें सजी थी जहां लोगों की भीड़ रही।

बता दें कि पोला पर्व एक प्रकार से बैलों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का पर्व है। कृषि कार्यों में बैलों की उपयोगिता का महत्व है। इसलिए पोला के दिन उसकी पूजा की जाती है। सनातन धर्म में बैलो को साक्षात धर्म का रुप माना गया है। इसके चार पैरों में चारों युग व चारों वेदों की प्रतिष्ठा दी गई है। इसलिए पोला पर्व के दिन इसे पूजनीय माना गया है।

### बाल समाज की बैल दौड़ प्रतियोगिता

शहर में पोला पर्व के अवसर पर बाल समाज द्वारा गंज चौक में भव्य बैल दौड़ प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें 16 बैल जोड़ियों ने भाग लिया। लोगों की भारी भीड़ के बीच हुई इस प्रतियोगिता में नंदई के धीरू की बैल जोड़ी ने बाजी मारी वहीं लखोली नाका निवासी दौलत सोनकर के एकल बैल ने दूसरा स्थान हासिल किया। जिसे पुरस्कृत किया गया। बाकी बैल जोड़ियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। दोपहर बाद लखोली नाका चौक से लेकर गंज चौक होते हुए तिरंगा चौक तक आयोजित होने वाले इस भव्य बैल दौड़ प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ रही है। बैल दौड़ स्पर्धा में भाग लेने के लिए आसपास के मुहल्लों व नंदई, लखोली, चिखली ,स्टेशन पारा, बसंतपुर आदि जगहों से बैल जोड़्यिां ने भाग लिया।

इस दौरान बाल समाज के सूर्यकांत जैन, दामू भूतड़ा, मनीष खंडेलवाल, विकास अग्रवाल, राजू, गुड्डू जैन, मोहन मेश्राम, बिसन अग्रवाल, मनोज भूतड़ा आदि उपस्थित रहे, जिनका व्यवस्था बनाए रखने में प्रमुख योगदान रहा। पोला पर्व पर शहर के चिखली चांदनी चौक पर भी बैल दौड़ प्रतियोगिता आयोजित रही। इसके अलावा लखोली, कन्हारपुरी, हल्दीघाट में भी बैल दौड़ स्पर्धा हुई जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या लोगों की भीड़ रही।

# संस्कृत संरक्षण-संवर्धन सामयिक आवश्यकता - डॉ. के.के. द्विवेदी



राजनांदगांव (दावा)। विश्व संस्कृत दिवस के अतीव महत्वा परिप्रेक्ष्य में नगर के वरिष्ठ विचार चिंतक डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने विशिष्ट आह्वान टीप में बताया कि संस्कृत हमारी गौरवशाली सनातन संस्कृति की आधार भाषा रही है। इसी दिव्य भाषा ने हमारे महानतम ग्रंथ, वेद, पुराण, उपनिषद के साथ-साथ दर्शन, गणित, आयुर्वेद आदि विषयों के उत्कृष्टम अनेक ग्रंथों को श्रेष्ठतम भाषायी आधार दिया और तो और वर्तमान में भारतीय जीवन मूल्यों का श्रेयष्कर ग्रंथ रामायण, महाभारत, गीता आदि सभी दर्शन, धर्म और लोकनीति के अनुपम ग्रंथ रचे हैं। श्रेष्ठ सार्थक अर्थो में सामयिक रूप से संस्कृत भाषा के संरक्षण और संवर्धन की सामयिक आवश्यकता है। संस्कृत भाषा के अधिकाधिक विस्तारण, प्रसारण से ही हम अपने प्राचीन ग्रंथों, धर्मशास्त्र, काव्य शास्त्र, योग, नाट्यशास्त्र, संगीत, आयुर्वेद, विज्ञान, खगोल विज्ञान और चिकित्सा जैसे विषयों की गुढ़तम जानकारी को युवा-किशोर-बाल पीढ़ी को शिक्षित-प्रशिक्षित कर पर्वतों और देश-धरती के नवनिर्माण में मुख्य भुमिका से जोड़ सकेंगे। वास्तव में भारतीय ज्ञान परंपरा की सर्वोत्तम वाहिका संस्कृत भाषा ही रही है। आर्यभट्ट, भास्कराचार्य, वराहमिहिर, सुश्रित और चरक आदि ने ऐसे कालजयी ग्रंथों की रचना की है जिनके पठन-पाठन और उन पर शोध से देश के विकास में नव आयाम गढ़े जा सकते है। आगे डॉ. द्विवेदी ने विशेष रूप से स्पष्ट किया कि हमारे संस्कृत ग्रंथों जैसे पाविनी ग्रंथ अष्टाध्यायी ने ही एक व्यवस्थित व्याकरण दिया। तीन हजार से अधिक सूत्रों के आधार पर ही वर्तमान कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग प्रणाली बनाई जा सकी है। पिंगलाचार्य के छंद शास्त्र से ही बाईनरी कोड एवं मैट्रिक्स की संकल्पना तैयार हुई है। उल्लेखनीय रूप से पृथ्वी का आकार उसकी घूर्णन गति, ग्रहण सिद्धांत और त्रिकोणमितीय सिद्धांतों की बहुत ही सुस्पष्ट व्याख्या प्रस्तुत की थी और पाई को भी विश्व के सामने रखा। भास्कराचार्य के ग्रंथ से ही बीज गणित, ज्यामितीय और भिन्नों के सिद्धांत सामने आये। वराहमिरीह के वृहत साहित्य में एक साथ खगोल, मौसम, भूगर्भ, रत्न और वास्तु विज्ञान की प्रमाणिक चर्चा मिलती है।

# महापौर मधुसूदन यादव ने अभिलाषा नि:शक्त शाला के बच्चों संग मनाया अपना जन्मदिन



लोकप्रिय नेता को अपने बीच पाकर हर साल खिल उठते हैं निशक्त शाला के मासूम चेहरे

राजनांदगांव (दावा)। शहर के लोकप्रिय पूर्व सांसद एवं वर्तमान नगर निगम महापौर मधुसूदन यादव ने अपना जन्मदिन इस वर्ष भी समाजसेवा और संवेदनशीलता का अद्भुत उदाहरण पेश करते हुए मनाया। सुबह से ही उनके निवास और कार्यालय में शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा वहीं दोपहर को वे सीधे अभिलाषा निशक्त शाला पहुंचे और विशेष बच्चों के बीच अपना जन्मदिन मनाया।

करीब 12:30 बजे विद्यालय पहुंचने पर महापौर यादव का स्वागत विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने पारंपरिक तरीके से साफा पहनाकर और मोतियों की माला भेंटकर किया। बच्चों ने अपने बीच महापौर को पाकर अपार खुशी व्यक्त की और उनके चेहरे खिल उठे। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए महापौर ने उपहार वितरित किए और स्वयं भोजन परोसकर उन्हें भोजन भी कराया। उन्होंने बच्चों से आत्मीय बातचीत करते हुए कहा कि इन मासूम बच्चों की मुस्कान से बढ़कर मेरे लिए कोई उपहार नहीं हो सकता। हर साल इनसे मिलकर मेरा जन्मदिन सार्थक होता है। विद्यालय सह पुनर्वास प्रबंधन समिति ने श्री यादव को समाजसेवा के प्रति उनकी निष्ठा और संवेदनशीलता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य नागरिक और समाजसेवी उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से संतोष खंडेलवाल, महेश खंडेलवाल, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष आलोक बिंदल, सूरज बुद्धदेव, संस्कारधानी सेवा समिति के अध्यक्ष राजू डागा, संजय तेजवानी, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, विमल भिमानी, संजय तेजवानी, राजकुमार बाफना, सागर गोवा, योगेश खत्री, अर्जुन वाधवानी, निखिल दास, संजय सोनी, अतुल अग्रवाल, विनय बिंदल, राजेश अग्रवाल, रतन गिड़िया, दिलीप श्रीवास्तव, गीता राठौर, भानु पिल्ले सहित अनेक लोग शामिल थे। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने महापौर यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

# जीरो के आगे जब तक कोई संख्या ना लगे, तब तक उसका कोई मूल्य नहीं होता - मुनि वीरभद्र



अपने गुणों का इतना विकास करो कि लोग स्वयं ही आपका सम्मान करें

राजनांदगांव (दावा)। श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने आज यहां कहा कि जीरो के आगे जब तक कोई संख्या नहीं लगती तब तक उसका कोई मूल्य नहीं होता। उन्होंने कहा कि इसी तरह सम्मान पाना है तो अपने भीतर गुणों का इतना विकास करो कि लोग स्वयं ही आपका सम्मान करने लगे।

मुनि श्री वीरभद्र (विराग) ने जैन बगीचे के नए हाल में अपने चातुर्मासिक प्रवचन में कहा कि तीर्थंकर की देशना कभी निष्फल नहीं होती। उन्होंने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों को मोबाइल देकर कहीं गलत तो नहीं कर रहे हैं, वे अपने बच्चों को गलत दिशा की ओर तो नहीं भेज रहे हैं! जीवन में एक बार कलंक लग गया तो फिर जीने का कोई औचित्य नहीं है। हमें इस पर ध्यान देना चाहिए कि हम किस तरह अपने बच्चों को दुर्गति से बचाकर सद्गति की ओर ले जायें। हम अपने उल्टे सीधे कर्मों द्वारा बहुत उत्पात मचाते हैं, किंतु जब कर्मों का फल मिलेगा। तब क्या होगा? इससे बचने का एक ही रास्ता है। हमें परमात्मा का आश्रय लेना होगा। हमें उनके आदेशों और नियमों का पालन करना चाहिए।

मुनि श्री वीरभद्र (विराग) ने कहा कि आराधना करनी है तो अकेले करें, किसी के साथ नहीं। इससे आपको सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि मोक्ष भी अकेले को ही मिलता है, इसलिए आराधना भी अकेले करें। दवा की जरूरत हो तो दवा लाइए दुकान नहीं। मुनि श्री ने कहा कि हमें शब्दों का उपयोग बहुत ही सोच समझकर करना चाहिए। एक गलत शब्द अर्थ बदल कर रख देता है। उन्होंने कहा कि अर्थ का अनर्थ होने ना दें। एक बार शब्द मुंह रूपी तरकश से छूट जाते हैं तो फिर वापस नहीं आ सकते, इसलिए नाप-तौलकर और शब्दों का अच्छी तरह चयन कर ही बोलें। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी।

# विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को दिलाई गई एंटी रैगिंग एवं नशामुक्ति की शपथ



खैरागढ़ (दावा)। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा के निर्देशन में विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग एवं नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। यूजीसी से प्राप्त निर्देश के तहत विश्वविद्यालय में रैगिंग तथा नशा मुक्ति को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कैंपस 2 परिसर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. देवमाईत मिंज ने एंटी रैगिंग एवं नशामुक्ति को लेकर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। इस दौरान अधिष्ठाता कला संकाय प्रो.डॉ. मृदुला शुक्ल, अधिष्ठाता नृत्य संकाय प्रो.डॉ. नीता गहरवार, अधिष्ठाता लोक संगीत एवं कला संकाय प्रो.डॉ. राजन यादव, अधिष्ठाता दृश्यकला संकाय डॉ. मानस साहू, डॉ. सौमित्र तिवारी, सहायक प्राध्यापक डॉ. लिकेश्वर वर्मा, डॉ. दीपशिखा पटेल, डॉ. कौस्तुभ रंजन, रबीनारायण गुप्ता, डॉ. छगेंद्र उसेंडी, डॉ. विकास चंद्रा, डॉ. मेदिनी होंबल, डॉ. शिवाली बैस, प्रभारी एनएसएस डॉ. दिवाकर कश्यप, जगदेव नेताम, कपिल सिंह वर्मा, डॉ. आशुतोष चौरे, विजय कुमार सिंह, राजेश कुमार गुप्ता, सीपी गायकवाड़ सहित शिक्षकगण, अधिकारीगण, संगतकारगण, कर्मचारीगण तथा शोधार्थी एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# खैरागढ़ में डायरिया का कहर, कब जागेगी नगरीय प्रशासन, दो की मौत

खैरागढ़ (दावा)। संगीत नगरी में डायरिया का प्रकोप लगातार गहराता जा रहा है। हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं, कि बीते 24 घंटों में दो लोगों की मौत हो गई। वार्ड क्रमांक 11 किल्लापारा के एक पुरुष और वार्ड क्रमांक 3 स्थित गंजीपारा की एक महिला की मौत से पूरे खैरागढ़ नगर पालिका में हड़कंप मच गया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार रोजाना बड़ी संख्या में उल्टी-दस्त के मरीज अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं और सिविल अस्पताल के सभी बेड लगभग भर चुके हैं।



0 मौसम की मार से अस्पतालों में बेड फुल,
0 लोग लगा रहे नगर पालिका पर लापरवाही के आरोप

### गंदे पानी और जाम नालियों से बिगड़े हालात

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर में महीनों से नालियां जाम हैं और गलियों में गंदगी पसरी हुई है और नलों से गंदा पानी आ रहा है। नगर पालिका को बार-बार शिकायतें की गई लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल आश्वासन ही मिला। नागरिकों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका की इस लापरवाही का नतीजा आज महामारी के रूप में सामने आया है।

### विधायक का दौरा और डॉक्टरों की चेतावनी

बीते दिनों खैरागढ़ की विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने सिविल अस्पताल पहुंचकर मरीजों से मुलाकात की थी और उन्होंने सार्वजनिक रूप से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग को लापरवाही का जिम्मेदार ठहराया था और कलेक्टर से शिकायत कर जिम्मेदार अधिकारी के ऊपर कार्यवाही की बात कही थी।

### स्वास्थ्य विभाग की जनता से अपील

इधर सिविल अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ.पंकज वैष्णव ने कहा कि डायरिया का मुख्य कारण दूषित पेयजल ही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे फिलहाल केवल उबला हुआ पानी पिएं और हल्का तथा घर का बना भोजन ही करें।

### मौत के बाद चढ़ा सियासी पारा

विधायक प्रतिनिधि व नगर पालिका के पूर्व पार्षद व नेता प्रतिपक्ष मनराखन देवांगन ने नगर पालिका प्रशासन को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि अगर समय रहते पानी टंकी, पाइपलाइन और नालियों की सफाई की जाती तो आज दो बेकसूर लोगों की मौत नहीं होती। यह नगर पालिका की सीधी-सीधी लापरवाही ही है। त्योहारों का मौसम है,हालात नहीं सुधरे तो बीमारी और फैलेगी इसलिए नगर पालिका प्रशासन को अपनी लापरवाही सुधारने और मुस्तैद रहने की जरूरत है।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा नगर पालिका प्रशासन अपना काम जिम्मेदारी से कर रही है

वहीं नगर पालिका अध्यक्ष गिरजानंद चंद्राकर ने सफाई व्यवस्था पर उठ रहे सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि तत्काल सफाई अभियान शुरू करने और मुनादी कराने के निर्देश दिए जा चुके हैं।। मौसम और हालात विपरीत है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन अपना काम जिम्मेदारी से कर रहा है।

### आरोप प्रत्यारोप अपनी जगह, बड़ा सवाल यह कि कब जागेगा प्रशासन?

नगरवासियों का कहना है कि अब तक की कार्रवाई केवल कागजों पर सिमटी हुई ही रही है। जिला तो बन गया लेकिन जिला बनने का फायदा कुछ नहीं मिल रहा। सवाल यह है कि क्या प्रशासन बाकी इलाकों में भी डायरिया फैलने से पहले ठोस कदम उठाएगा या फिर हालात और बिगड़ने का इंतजार करेगा?

# महापौर मधुसुदन यादव ने फीता काटकर आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का किया शुभारंभ



मोतीपुर मे आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 243 रोगियों को उपचार कर नि:शुल्क दवाईया वितरण की गई

राजनांदगांव (दावा)। मोतीपुर में आज आयुष विभाग राजनांदगांव द्वारा डॉ. शिल्पा मिश्रा के निर्देशन में आयुर्वेद होम्योपैथी एवं यूनानी पद्धति से रोगियों की चिकित्सा हेतु नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन प्रातः 9 बजे से संध्या 3 बजे तक किया गया। जिसमें शिविर में आने वाले रोगियों को नि:शुल्क औषधि भी वितरण किया गया। शिविर का शुभारंभ राजनांदगांव नगर के महापौर मधुसूदन यादव द्वारा फीता काटकर किया गया। महापौर के साथ सावन वर्मा पार्षद, कमलेश बांधे पार्षद, मनोहर यादव पार्षद सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नागरिक अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आयुष पद्धति का शिविर विभाग द्वारा मेरे गृह क्षेत्र मोतीपुर में लगाया गया जो अत्यंत ही हर्ष का विषय है। श्री यादव ने आगे बताया कि यह एक महा संयोग है कि आज उनका जन्मदिन भी है। महापौर ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में नि:शुल्क आयुष शिविर का लाभ लेने हेतु आग्रह किया गया। साथ ही विभाग की जिला प्रमुख डॉ. शिल्पा मिश्रा को इस शिविर के आयोजन हेतु सराहना एवं आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी तरह समय पर आवश्यकता के अनुरूप नि:शुल्क आयुष शिविर का आयोजन कराए जाने हेतु आग्रह किया गया।

महापौर द्वारा अपने उद्बोधन में यह भी कहा गया कि आयुष विभाग जिला राजनांदगांव में चिकित्सा शिविर की टीम बहुत ही कर्मठ एवं लगनशील व कर्तव्य परायण के साथ कार्य करती है एवं यही आयुष विभाग की सफलता का अथक प्रयास है। शिविर में कुल 243 रोगियों का नि:शुल्क उपचार किया गया और नि:शुल्क औषधीय वितरण की गई। शिविर मे इस प्रकार आयुर्वेद के 27 रोगी, होम्योपैथी के 84 रोगी, यूनानी के 62 रोगियों सहित कुल 36 व्यक्तियों का प्राकृतिक परीक्षण किया गया। शिविर में लगभग 300 व्यक्तियों को आयुष काढ़ा पिलाया गया। शिविर में डॉक्टर हर्षा बरैया प्रभारी शासकीय आयुष पाली क्लीनिक होम्योपैथिक चिकित्सक, डॉ. हर्ष कुमार साहू, डॉक्टर नम्रता कोसले आयुर्वेद चिकित्सक डॉ.रुबीना शाहीन अंसारी यूनानी चिकित्सक, श्रीमती हेमलता बड़ा नर्सिंग सिस्टर,श्रीमती छाया प्यासी, टीनू दीवान,व्ही. व्ही. कृति,देवदास साहू आयुर्वेद फार्मेसिस्ट फुलेस कुमार निर्मलकर दूज लाल कुंजाम, शत्रुहन राम यादव,दिलीप कुमार भीमटे, सोमकांत चंद्राकर औषधालय सेवक, रोहन पटेल द्वारा शिविर में सेवाए दी गई। मंच संचालन हर्ष कुमार साहू आयुर्वेद चिकित्सक एवं आभार प्रदर्शन डॉक्टर हर्षा बरैया होम्योपैथिक चिकित्सा द्वारा किया गया।

# डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजनांदगांव में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




राजनांदगांव (दावा)। डॉ.जे.बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा थे। जिन्होंने स्कूल के नव-नियुक्त विद्यार्थियों को उनके दायित्वों की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग , टीम भावना, निष्ठा और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाना है। इस दौरान, विद्यार्थियों को पद और गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई। जिससे उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति जवाबदेह होने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित किया जा सके।

मुख्य अतिथि अतुल विश्वकर्मा ने तीनों बोर्ड : सीबीएसई, आईसीएसई और सीजी बोर्ड-के हेड बॉय और हेड गर्ल को शपथ दिलाई। इनमें सीबीएसई बोर्ड के राजहर्ष बाफना (हेड बॉय) और शैली अग्रहरि (हेड गर्ल), आईसीएसई बोर्ड के शौर्यन प्रताप सिंह (हेड बॉय) और वैभवी खंडेलवाल (हेड गर्ल) तथा सीजी बोर्ड के महेश्वर चंद्रवंशी (हेड बॉय) और अंतरा गोसाई (हेड गर्ल) शामिल थे। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विभिन्न हाउस कैप्टन्स को भी शपथ दिलाई। जिनमें आजाद हाउसः अल्तमस कुरैशी और कनिष्ठ भराडे, भगत हाउसः गर्व सवाना और वोनिसा साहू, जवाहर हाउसः आरिफ कुरैशी और प्रार्थना साहू एवं सुभाष हाउसः तरुण चौबे और सिद्धि ठाकुर आदि है। इस अवसर पर आयुक्त ने कटक में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-II बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्कूल की टीम को बधाई दी। उन्होंने स्कूल परिवार को शहर का एनईपी मॉडल लीडर स्कूल बनने पर भी बधाई और शुभकामनाएं दी। समारोह में स्कूल की अध्यक्ष डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बोर्ड मेंबर्स सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती इला सिंह, बरसर आई.के. वैष्णव, सीबीएसई प्राचार्य एकता खंडेलवाल, ममता मिश्रा, सरिता सिंह, अपर्णा वर्मा सहित सभी शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें अपना आशीर्वाद दिया।

## अनमोल दावा

**सफलता का रहस्य है, समय रहते अपनी गलतियों को पहचानना और उन्हें सुधारना।**

# निचले स्तर पर राजनीतिक व्यवहार, राहुल गांधी के झूठे दावे बेनकाब

राहुल गांधी पहले भी कई संस्थाओं को धमकी दे चुके हैं। वे प्रधानमंत्री का नाम लेकर सार्वजनिक रूप से ऐसा कह चुके हैं कि मोदी अब सड़कों पर निकलेगा तो लोग डंडों से पीटेंगे? उनके नेतृत्व में अब कांग्रेस ऐसी राजनीति कर रही है जिसमें मर्यादा पद की गरिमा भाषा की शालीनता व्यवहार का संतुलन तथा सच और झूठ के भेद के लिए कोई स्थान नहीं है।

देश की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस इन दिनों अपने शीर्ष नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर झूठे आरोप लगा रही है। वे उसके अधिकारियों के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहे हैं और निचले व्यवहार पर उतरकर उनके परिवार तक को निशाना बना रहे हैं। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था में शर्मनाक है।

राहुल गांधी और उनकी पूरी पार्टी चुनाव आयोग तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को चोर कहते हुए निशाना बना रही है। बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राहुल गांधी कह रहे हैं कि तीनों चुनाव आयुक्त सुन लें... एक दिन आएगा, जब बिहार और दिल्ली में हमारी सरकार होगी। फिर हम आप तीनों को देखेंगे, आपके खिलाफ कार्रवाई होगी। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के सोशल मीडिया हैंडल देख आप सन्न रह जाएंगे। राजनीति इतने नीचे स्तर पर गिर जाएगी, इसकी कल्पना किसी ने नहीं की होगी। नेता विपक्ष राहुल गांधी की राजनीति देश में डरावने दृश्य प्रस्तुत कर रही है। राहुल गांधी और कांग्रेस का यह व्यवहार पहली बार नहीं है। पिछले लगभग सात वर्षों से राहुल गांधी की राजनीति का एक स्थापित पैटर्न बन गया है।

राहुल गांधी पहले भी कई संस्थाओं को धमकी दे चुके हैं। वे प्रधानमंत्री का नाम लेकर सार्वजनिक रूप से ऐसा कह चुके हैं कि मोदी अब सड़कों पर निकलेगा तो लोग डंडों से पीटेंगे? उनके नेतृत्व में अब कांग्रेस ऐसी राजनीति कर रही है जिसमें मर्यादा, पद की गरिमा, भाषा की शालीनता, व्यवहार का संतुलन तथा सच और झूठ के भेद के लिए कोई स्थान नहीं है। जैसे ही राहुल गांधी किसी को निशाना बनाते हैं, उनकी पूरी पार्टी उस व्यक्ति, अधिकारी या उनके खानदान को ढूंढ़ कर चरित्र हनन और बदनाम करने का अभियान चलने लगती है। डिजिटल मीडिया कई बार बहुत विषाक्त हो जाता है। इसकी अनदेखी न की जाए कि आपरेशन सिंदूर के दौरान विदेश सचिव विक्रम मिसरी को डिजिटल मीडिया पर किस तरह निशाना बनाया गया। निम्न राजनीति पहले सामने वाले के विरुद्ध संदेह पैदा करने के लिए कथित तथ्य गढ़ती है, फिर नारे एवं मुहावरे बनाती है। अब वह संस्थाओं को भी निशाना बना रही है। इन दिनों संवैधानिक संस्था निर्वाचन आयोग इस राजनीति के निशाने पर है। आज पूरे देश के सामने प्रश्न है कि इस तरह के राजनीतिक व्यवहार का प्रतिकार कैसे हो? राहुल गांधी मुख्य चुनाव आयुक्त सहित पूरे चुनाव आयोग को वोट चोर कह रहे हैं, लेकिन अपने आरोपों के पक्ष में कोई ठोस तथ्य नहीं दे रहे हैं। अब तो वे सार्वजनिक रूप से गलत साबित हो रहे हैं। गत दिनों बिहार में उनकी वोट अधिकार यात्रा के दौरान रोहतास जिले के नौहट्टा प्रखंड के एक गांव की रंजू देवी उनके सामने यह कहती देखी गईं कि उनका और परिवार के सभी छह लोगों का नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है। राहुल ने इसे वोट चोरी का मुद्दा बना दिया। बाद में उन्हीं रंजू देवी ने कहा कि मतदाता सूची में उनके परिवार के सभी लोगों के नाम हैं। उनके अनुसार वार्ड सचिव ने कहा था कि राहुल आ रहे हैं, उनके सामने बता देना कि हमारा नाम मतदाता सूची से कट गया है। उन्होंने माना कि वार्ड सचिव ने जैसा कहा, वैसा राहुल के सामने बोल दिया।

यह एक प्रसंग राहुल और वोट चोरी के आरोप लगाने वालों के लिए शर्म का विषय होना चाहिए। राहुल के महाराष्ट्र चुनाव संबंधी आरोप भी गलत साबित हो चुके हैं। बंबई उच्च न्यायालय संबंधित याचिका खारिज कर चुका है। महाराष्ट्र के रामटेक और देवली विधानसभा में लोकसभा चुनाव की तुलना में विधानसभा में क्रमशः 38.45 प्रतिशत तथा 36.82 प्रतिशत मतदाताओं की कमी का आंकड़ा भी गलत साबित हो गया। इसे च्सामनेज्ज् लाने वाले सीएसडीएस के चुनाव विश्लेषक ने न केवल संबंधित पोस्ट को हटाया, बल्कि गलत उत्तर देने के लिए माफी भी मांगी। इसके बावजूद वोटर अधिकार यात्रा में राहुल गांधी के तेवर और भाषा देखकर लगता है कि उनका मुद्दा चुनाव आयोग या सत्ता प्रतिष्ठान नहीं, बल्कि कुछ और है।

लगता है वे सब कुछ पहले से निर्धारित किसी योजना के अनुसार कर रहे हैं। अध्ययन बताते हैं कि किसी संवैधानिक संस्था पर नेताओं द्वारा राजनीतिक आरोप लगाने के पीछे निश्चित उद्देश्य होते हैं। जैसे कि संस्थानों पर दबाव बढ़ाना, उन्हें कानूनी मामले में फंसाना, ताकि लोगों का मुख्य काम से ध्यान हटे। देश में संस्थाओं के प्रति घोर अविश्वास और विरोध का वातावरण बनाने और उसके खिलाफ आक्रामक तरीके से शोर मचाने के पीछे क्या मकसद हो सकता है? क्या राहुल और उनके सहयोगी देश में उथल-पुथल और अशांति की स्थिति पैदा कर राजनीतिक लक्ष्य साधना चाहते हैं?

आखिर राहुल गांधी चाहते क्या हैं, इसे जनता खुद समझे। शायद वह समझ भी रही है। इसकी आशंका है कि अपने किसी खतरनाक उद्देश्य के लिए राहुल के नेतृत्व में आगे भी देश की अन्य संस्थाओं की प्रतिष्ठा समाप्त करने के लिए ऐसे ही निम्नतम स्तर के अभियान चलें, ताकि सामने वाला विवश होकर या आवेश में कार्रवाई करे और देश का वातावरण बिगड़े। देश की शांति, स्थिरता, समृद्धि और विश्व स्तर पर उसकी साख की चिंता करने वाले हर व्यक्ति को ऐसी राजनीति से चिंतित होना चाहिए।

# लघु उपन्यास यशस्विनी : अध्याय 14 : बदनामी के डर से सब सहन कर जाना

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



उधर वही हाल रोहित का था. मैं योग साधना के मार्ग में यशस्विनी जी से जो सहायता मैं ले रहा हूं. कहीं मुझे उनसे आसक्ति न हो जाए और यह आसक्ति कहीं प्रेम में न बदल जाए और कहीं हम दोनों ईश्वरीय प्रेम को भूल कर एक दूसरे के साथ सांसारिक प्रेम के बंधन में तो नहीं बंध जाएंगे? रोहित बिस्तर पर लेटे-लेटे देर तक अपने फोन में विभिन्न अवसरों पर खींची गई यशस्विनी की फोटो देखने लगे...ये कैसा गहरा आकर्षण है यशस्विनी जी के मुख मंडल पर...कहीं वे भी ईश्वर का अंश तो नहीं? कितनी पवित्र हैं वे... जैसे पूर्णिमा का उजला चंद्र... जिसमें कोई दाग धब्बे नहीं...।

ऐसा सोचते - सोचते रोहित की नींद लग गई ज.जैसे नींद लगी है और वह जाग भी रहा है... जैसे अचानक वह विस्तृत नीले आकाश में चंद्र और तारों के बीच पहुंच गया है...वह एक घोड़े पर सवार है और दूर ब्रहमांड के एक कोने में यशस्विनी खड़ी है बिल्कुल राजकुमारियों की सी वेशभूषा धारण की हुई और जैसे अपने से करोड़ों प्रकाश वर्ष दूर आकाशगंगा के एक कोने में खड़ी यशस्विनी तक पहुंचने के लिए अब उसे अपने घोड़े को प्रकाश से भी अधिक गति से ले जाना होगा...

और यशस्विनी के पास पहुंचकर जैसे रोहित उससे कह रहा हो... क्या तुम मेरे साथ इस ब्रह्मांड के अनेक अनदेखे जगहों की यात्रा पर चलोगी?......

योग शिविर का एक भाग 'आत्मरक्षा प्रशिक्षण' भी था।यशस्विनी ने इसके लिए भारतीय मार्शल आर्ट कलरीपायट्टू का चयन किया। इसका विचार भी यशस्विनी को एक योग साधिका के साथ बातचीत में आया। कल शाम योग सत्र की समाप्ति के बाद एक साधिका मीरा ने यशस्विनी से अकेले में बात करने की इच्छा प्रकट की। मीरा एक कस्बाई शहर में रहने वाली कॉलेज की लड़की है।प्रायः जब वह कॉलेज की छुट्टी होने के बाद अपने घर लौटती है तो उसे मनचलों के छेड़छाड़ का शिकार होना पड़ता है। घर में माता-पिता दोनों बीमार रहते हैं। इसी कारण उसे एक मेडिकल स्टोर में शाम की शिफ्ट में पार्ट टाइम जॉब करने को विवश होना पड़ा है।

मेडिकल स्टोर से उसे घर लौटते रात को 9:00-9:30 बज जाते हैं। चौराहे से जब वह ऑटो रिक्शा से उतरकर घर लौटती है तो उसके मन में यह बराबर भय बना रहता है कि कोई छींटाकशी और छेड़छाड़ न कर दे। उसका घर अंदर तीसरी गली में है और कभी कभी रात अधिक होने के कारण यह रास्ता सुनसान हो जाता है।ऐसे में वहां किसी पान दुकान के नुक्कड़ वाली जगह पर बैठे लड़के उस पर फिकरे कसते हैं।

'इतनी रात गए कहां से आ रही हो मैडम जी'

'यू सड़कों पर अकेली न घूमा करो.'

'बेबी आओ तुम्हें घर छोड़ दूं.'

ये लड़के अलग-अलग होते हैं।कभी कोई तो कभी कोई और नए चेहरे दिखाई पड़ते हैं। यह सब इसी मोहल्ले के बदमाश लड़के हैं या आसपास के मोहल्ले के बिगड़ैल घरों के किशोर।

मीरा उन्हें देखते ही घबरा जाती है और तेज कदमों से लगभग दौड़ती हुई गलियों को पार कर घर पहुंचती है। ऐसे ही एक दिन भागते समय जब सैंडल टूटने से अचानक उसका पर्स नीचे गिरा तो एक मनचले ने पास आकर पर्स उठाने के बहाने उसका दुपट्टा लगभग खींचते हुए शारीरिक छेड़छाड़ करने की कोशिश की। मीरा ने उसे तेजी से झटका दिया। उसने दुस्साहस करते हुए मीरा का हाथ पकड़ लिया। यह तो भला हो कि मुरारी काका गली के मोड़ से आते दिखाई दिए और उस लड़के ने तुरंत हाथ छोड़ा और वह तथा उसके साथ वाले लड़के तेजी से दूसरी गली में गायब हो गए।

मीरा अपने बीमार माता-पिता से इस बात की चर्चा नहीं करना चाहती है। वह मोहल्ले की अन्य आंटियों और उसकी समवयस्क लड़कियों को भी यह सब नहीं बताना चाहती है, नहीं तो बात का बतंगड़ हो जाएगा और येन- केन प्रकारेण सारा दोष उसी के ऊपर मड़ा जाएगा कि उसे नौकरी करने का शौक चढ़ा हुआ है।दो दिनों पहले उसके कॉलेज में पुलिस पब्लिक कार्यक्रम के अंतर्गत लड़कियों के लिए एक आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया था और जिले की डीएसपी प्रज्ञा मैडम ने आत्मरक्षा के अनेक तरीकों और मानसिक दृढ़ता की विधियों को डिमांस्ट्रेट कर भी बताया था, फिर भी इस तरह की स्थिति का मुकाबला करने के लिए मीरा आत्मविश्वास अर्जित नहीं कर पा रही थी। वह सीधे पुलिस में शिकायत करने से भी बचना चाहती थी। एक आम भारतीय परिवार की लड़की होने की यह बहुत बड़ी सजा थी। 'बिना कारण झंझट क्यों मोल लें' 'इससे तो बदनामी ही होगी'...'रिपोर्ट करने पर अपराधी कहीं बाद में हमसे बदला न लें'.... यही सोचकर कई तरह के अन्याय को एक साधारण भारतीय सहन कर लेता है और इससे अपराधियों के हौसले बुलंद होते जाते हैं।

पिछले दो हफ्ते से मीरा ने मेडिकल स्टोर के रात्रि कालीन ड्यूटी के चौकीदार भैया से प्रार्थना की, कि वह उसे अपनी गाड़ी से घर तक छोड़ दे। इससे उसे सुविधा तो होने लगी है लेकिन खतरा कम नहीं हुआ है। कल तो उसने यही नोटिस किया कि अब लड़के चौकीदार भैया को भी नुकसान पहुंचाने की नीयत रखने लगे हैं। जब गार्ड की मोटरसायकल उन लफंगों के पास से गुजरी तो वे लफंगे चिल्लाकर कहने लगे- कहां-कहां से गुल खिला कर आ रही हो मैडम जी?... और अब तो एक सिक्योरिटी गार्ड भी रख लिया है.. यह तो अच्छा था कि गार्ड भैया ने हेलमेट पहना हुआ था इसलिए वे उनकी आवाज नहीं सुन पाए अन्यथा उस दिन कोई बवाल हो जाता।

जब कॉलेज में मीरा को नोटिस बोर्ड में यशस्विनी के योग शिविर का समाचार प्राप्त हुआ तो उसने अपने मन में निश्चय किया कि वो किसी भी तरह 15 दिनों के इस प्रशिक्षण सत्र में सम्मिलित होगी।इतने दिनों के लिए माता और पिता को छोड़कर यूं इस शिविर में आना उसके लिए कठिन फैसला था लेकिन उसने सोचा कि यशस्विनी जी का योग, अध्यात्म, नारी सशक्तिकरण आदि क्षेत्रों में बहुत बड़ा नाम है।वे जरूर मेरी सहायता करेंगी।

योग शिविर शुरू होने के दो दिनों पहले मीरा ने यशस्विनी से मुलाकात की और अपने घर की सारी स्थिति के बारे में जानकारी दी। कॉलेज और जॉब से घर लौटने के समय हो रही घटनाओं के बारे में तो उसने नहीं बताया और केवल पिता के स्वास्थ्य की देखरेख का प्रश्न उठाया। यशस्विनी ने श्रीकृष्ण प्रेमालय से एक महिला सहायिका को मीरा के घर में नियुक्त करवा दिया और मीरा को अनिवार्य रूप से योग शिविर में सम्मिलित होने के लिए कहा।

(क्रमशः)

## लघु कथा

# यह तेरा घर नहीं, मायका है!

**गिरीश बख्शी**



तीजा में बेटी आई। माँ खुश हो गई। बोली-''अच्छा हुआ ममता कि तीन दिन पहले आ गई मुझे तेरी फिकर लगी रहती थी, अब मै निश्चित हुई। ले, मै रोटी बनाती हूँ, तू सब्जी काट!''

ममता ने लौकी काटते-काटते कहा-''आ तो गई हूँ अम्मा! पर मुझे रोहित की बड़ी चिन्ता हो रही है। वह अभी तक मेरे साथ सोता है। वैसे मम्मी ने कहा तो है कि वे उसे उपने साथ बड़े स्नेह से सुलाएंगी फिर भी मै सोचती हूँ वह सो पाएगा कि नहीं!' मॉ ने हॅस कर पूछा-''और मोहित की तुझे याद नहीं आ रही है। वह भी तो छोटा है क्लास टू में पढ़ता है।'' ममता ने आलू धोते हुए कहा-''अरे माँ! वह तो बड़ा ढीठ हो गया है और जिद्दी भी! कहता है-''स्कूल नहीं जाऊंगा! वहाँ मैडम अच्छी नहीं है।'' मैं उसे मना-पुचकार कर स्कूल भेजती हूँ। तब कहीं वह जाता है। पता नहीं आज स्कूल गया कि नहीं। मम्मी कहाँ उसे मेरी तरह मना पाएगी?'' माँ ने बेफिकरी से कहा-''ममता! तू इस तरह सोचती क्यों है? एक-दो दिन स्कूल नहीं जाएगा तो क्या? याद है तू भी तो बहुत नॉगा किया करती थी!''

ममता एकाएक अतीत में खो गई-''बचपन में मैं अम्मा! भैया के साथ कितना खेल खेला करती थी। लड़ती थी, झगड़ती थी, फिर मिल जाती थी। भैया एक दिन मामा के साथ उनके घर चला गया था, तो मै कैसे उदास हो गयी थी, मुझे बड़ा सूना-सूना लगा था, उस दिन! न ठीक से खाना खा सकी थी और स्कूल जाने का भी मन नहीं हुआ था! माँ बोली-''तभी तो मैं अपनी सहेली से कहा करता भी-'जानकी! ममता और सुयश, मेरे जुड़वा बच्चे है! तब जानकी कहती....।'' ममता बीच ही में बोल उठी-हॉ, माँ! और शादी के बाद बिदा की बेला में मुझे कितनी घबराहट हुई थी-अनजान शहर के, अनजान मकान में, अनजान लोगों के बीच, मै कैसे रह पाऊंगी अकेली। मैं तुमसे गले लिपटकर कितना-कितना रोई थी! तुम भी मुझे क्या ढौढ़स ............. अम्मा! तुमको भी तो मेरी बिक्षई की पीड़ा थी।''

माँ ने तवे पर रोटी पलटते हुए कहा-'हॉ रे ममता! जब बेटी बड़ी हो जाती है तो वह मॉ की सहेली बन जाती है। लालजी भैया बता रहे थे-''तू ट्रेन में भी पूछना-ताछना नहीं, जैसा तुझे लगे अपना काम करना। मुझे चुप कमरे में बैठे रहने दे।'

ममता एकदम .............. कर वर्तमान में आ गई। आश्चर्य चकित होकर बोली-''देखो तो माँ! विधाता ने कैसी हम महिलाओं की रचना की है- वही यह शहर, वही यह मकान वही भैया, वही बाबूजी और वहीं तुम मेरी माँ, पर मुझे रोहित की, मोहित की, उनकी मम्मी और पापाजी की याद आ रही है। रोहित को नींद आएगी कि नहीं, मोहित स्कूल गया कि नहीं, आफिस से आने पर पापा जी को बिस्किट, चाय दी गई कि नहीं, प्रोफेसर साहब को कालेज जाते समय उनको कोट किसने पहनाया, रूमाल उन्होने रखा कि नहीं और जूतों पर क्या उन्होने खुद पालिश की? मैं पूछती हूँ अम्मा! ऐसा......ऐसा हमारे मन मे, इतना अन्तर क्यों आ जाता है?''

माँ ने बड़े स्नेह से उसे गले लगाते हुए कहा-''वो मेरी भावुक ममता! कि अब तेरा यह घर नहीं, मायका है।

## शब्द सामर्थ्य -148

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 147 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

## सू- दोकू क्र.148

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.147 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## // तीजा पर्व पर विशेष //

# // तीजा के करुभात //

तीजा-पोरा हा हमर छत्तीसगढ़ के माई लोगन बर विशेष तिहार हरे। राखी के बाद सब के मन मा एक अलग से खुशी झलकथे की अब तीजा-पोरा आही।अउ खुशी होही काबर नहीं साल भर मा एक बार ये तिहार हर आथे। वइसे तो हर तिहार हा एके घाँव आथे, फेर ये तीजा मा माई लोगन मन अपनङ्कअपन मइके जाथे। मइके के नाम मा ता जम्मों महिला मन एक गोड़ मा खड़े रहिथे। नवा-नेवन्नीन मन हा आठे मनाथे अउ घेरी-बेरी फोन कर के अपन भाई-माई मन ला बुलावत रहिथे। साल मा कतको बार मइके जाही फेर तीजा मा नइ जाही ता घेरी-बेरी पारा-पड़ोस संग गोठिया डरथे। अई ये दारी मँय तीजा नइ गए हंव बहिनी अब्बड़ सुरता आवत हे दाई-बाबू, भाई-भतीजा के। अपन अँचरा मा आसूँ पोछत बतावत रहिथे। फेर यहू तिहार हर दिनों दिन कम होवत जावत हे एके दिन बर जाथे अउ लुगरा धर के आ जाथे।

ये तिहार हर पोरा ले शुरू हो के गणेश चतुर्थी तक रहिथे। करुभात के विशेष महत्व रहिथे ये तिहार मा। घर-घर माई लोगन मन घूम-घूम के करेला साग खाये ला जाथे। वो दिन काकरो घर साग नइ पूछे, काबर की सबो घर तो करेला हा बने रहिथे। अउ बजार मा करेला के भाव अगास छुवत रहिथे, एकरो दिन आथे। रात कन माई लोगन मन अपन-अपन लोग-लइका ला धर के घरोघर जाथे। अइ चल न बहिनी करेला चीखे बर जाबोन या इही बहाना सबों झन संग भेट मुलाकात हो जाही।

करू भात काबर खाये जाथे-करेला अउ चना अधिकांश घर मा बनथे अउ येला खा के माई लोगन मन उपास रहिथे। करेला काबर खाय जाथे येखर वैज्ञानिक कारण भी हे, करेला मा विशेष प्रकार से पोषक तत्व मिले रहिथे। येमा विटामिन सी, मैंगनीज, पोटेशियम जइसे तत्व मिले रहिथे। येहा औषधि के भी काम करथे। करेला मा पानी के मात्रा मौजूद रहिथे जेकर से प्यास बहुत कम लगथे, अउ चना मा कैल्सियम किसम-किसम के पोषक तत्व के भरमार रहिथे। शरीर ला ऊर्जा देथे। ओकर कारण से माई लोगन मन ह करेला याने की करुभात खा के दूसर दिन निर्जला उपवास रहिथे।

पुरखा के बात-हमर छत्तीसगढ़ मा करेला साग ला विशेष महत्व दिए जाथे। सियान मन बहुत सोच विचार कर के नियम ला बनाए हे ताकि आने वाला पीढ़ी ये कर लाभ उठा सकें। कभू-कभू लगथे की पुरखा मन ये समय ला जानत रिहिन का....की आने वाला पीढ़ी के मन निर्जला उपास नइ रहे सकें। येकर कारण करेला मा विशेष फायदा देख के उपास के पहिली दिन करू भात खाये के नियम बनाए हे। ताकि महिला मन येकर लाभ उठा सकें अउ पुरखा के मान रख सकें।



आज के पीढ़ी ला विशेष ध्यान रखना चाहिए अउ भरपूर लाभ घलो उठाना चाहिए।

ये प्रकार से करुभात खाये के महत्व हे। **प्रिया देवांगन ''प्रियू''**
**राजिम, जिला - गरियाबंद**

# बुद्धि की परीक्षा



एक राजा ने अपने मंत्री और दरबारियों की बुद्धि की परीक्षा लेने का फैसला किया। उसने सभी को एक जगह बुलाया और हरेक को अशर्फियों से भरी एक थैली भेंट की। फिर उसने कहा-आप सब इन अशर्फियों को मेरा मुंह देखकर ही खर्च करें, बिना मेरा मुंह देखे इन्हें खर्च नहीं किया जा सकता। एक सप्ताह बाद सबको बताना होगा कि आप लोगों ने इन अशर्फियों से क्या खरीदारी की है। एक सप्ताह बीत जाने के बाद राजा ने अपने सभी कर्मचारियों को बुलाकर पूछा कि उन लोगों ने अशर्फियों से क्या-क्या खरीदारी की है। सभी दरबारी एक-दूसरे की शक्ल देखने लगे। वे अपने को ठगा सा महसूस कर रहे थे। उन्हें लग रहा था कि राजा ने उनके साथ मजाक किया है। सभी को चुप देखकर राज पुरोहित बोले- महाराज, आपकी आज्ञा थी कि अशर्फियों को आपका चेहरा देखने के बाद ही खर्च किया जाए। अब बाजार में तो आपके दर्शन हो नहीं सकते थे, इसलिए हमने अशर्फियों को खर्च ही नहीं किया। अन्य दरबारियों ने भी राज पुरोहित की हां में हां मिलाई। उन सबने यही कहा कि वे अशर्फियां खर्च नहीं कर पाए। वहीं उन सबके बीच एक ओर खड़ा राजा का मंत्री मंद-मंद मुस्कुरा रहा था।राजा ने जब उससे अशर्फियों के बारे में पूछा तो उसने कहा कि लोग मंत्री को आश्चर्य से देखने लगे। मंत्री ने कहा- महाराज आपने ही कहा था न कि आपको देखकर ही खरीदारी करूं। इन अशर्फियों पर आपका चित्र अंकित है इसलिए आपकी शर्त के मुताबिक मैंने इन पर आपका चेहरा देखकर आपको प्रणाम करके सारी खरीदारी कर ली है। राजा ने मंत्री की पीठ थपथपाई और सबसे कहा-आप लकीर का फकीर न बनें। कोई भी काम करने में अपनी विवेकबुद्धि का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इससे आपको सफलता मिलेगी।

## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा , जिससे आपका मन शांत रहेगा। पारिवारिक जीवन में चल रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियां बढ़ेगी। आज नर्सिंग कर रहे छात्रों को करियर में सफलता मिलेगी। आज आपके नए दोस्त बनेंगे, जिनसे आपको बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

**वृष राशि**
आज का दिन आपके परिवार के लिए खुशनुमा बना रहेगा। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका हैइस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को अपनी तैयारी जारी रखनी चाहिए। पहले जिस व्यक्ति की आपने मदद की थी वह आज आपके काम आएगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप नया घर लेने का विचार कर सकते हैं और आपको किसी बिल्डर्स के माध्यम से जबरदस्त डील मिलेगी। आज आप घरेलू काम काज में जीवनसाथी का हाथ बटाएंगे। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं, जिसके माध्यम से आपकी तरक्की होना तय है।

**कर्क**
आज आप दिन की शुरुआत अच्छे मूड से करेंगे। आज किसी रुके काम को पूरा करने का सही समय है, इसमें आपको कलीग का सहयोग भी मिलेगा। आज आपकी जॉब की तलाश ख़त्म होगी और आपको अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। आज आपका दाम्पत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ अच्छा समय स्पेंड करेंगे।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्क ठाक रहेगा। आज आपकी मुलाक़ात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन की नई सीख लेंगे। आज आपकी कड़ी मेहनत से दूसरे भी प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। दफ्तर में आज उच्चाधिकारियों की मदद से रूका काम पूरा हो जायेगा। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कन्या**
आज आपका दिन नई उमंग के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से किसी काम में सफलता हासिल होगी। आज आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्तिथि में सुधार आएगा। आज आप जीवनसाथी के लिए नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं, आपके जीवन में आनंद बढ़ेगा।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज कारोबार में आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है, लेकिन जीवनसाथी की मदद से आपका काम आसान हो जायेगा। आज प्रॉपर्टी के कारोबार से आपको अच्छा ख़ासा फ़ायदा मिलने के संकेत हैं।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको किसी जरुरी काम से बाहर जाना पड़ सकता है, अपना जरुरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में अच्छा प्रॉफिट होगा। आज आप फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज आप कोई भी काम शुरू करने से पहले अपने बड़ों का आशीर्वाद जरुर लें।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए मिला ङ्क जुला रहेगा। आज आपको वर्क-फील्ड में सहयोगियों से मदद मिलेगी। इस राशि के घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। आज आपकी सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज किसी काम को पूरा करने के लिए आपको शांत रहने की जरूरत है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्क ठाक रहेगा। आज आप बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आज आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आज आपका मन मनोरंजन में लगेगा, आप थिएटर में मूवी देखने का प्लान कर सकते हैं।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप किसी काम की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आज आप आलस्य का त्याग करके आगे बढेंगें, तो आपके लिए अच्छा होगा। आज राजनीतिक व्यक्तियों से मुलाकात आपकी लोकप्रियता को और बढ़ाएगी, साथ ही जनसंपर्क का दायरा भी बढ़ेगा।

**मीन**
आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको परिवार से खुशखबरी मिलेगी और ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है, जिससे आपका प्रोजेक्ट समय से पूरा हो जाये। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर लम्बी बात हो सकती है, आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा।

# नवाज के उम्मीदवार को फार्म भरने से रोकने पर कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव हंगामें की भेंट चढ़ा

डोंगरगढ़ (दावा)। स्थानीय विधायक और अपने वरिष्ठ नेताओं के समर्थन से अध्यक्ष पद के चुनाव में मैदान में उतरे दावेदारों के कारण कांग्रेस में व्यापक पैमाने में गुटबाजी देखने को मिली। सत्ता में नहीं होने के बावजूद बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का चुनाव में भाग लेना ब्लाक कांग्रेस संगठन की सक्रियता के रूप में देखा जा रहा है। जो भविष्य में कांग्रेस के लिए संजीवनी का काम करेगा। स्थानीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल की पसंद,कांग्रेस नेता नवाज की पसंद और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पसंद के चलते हुई गुटबाजी के कारण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष का प्रत्यक्ष चुनाव हंगामा के भेट चढ़ गया।

जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की पसंद के रूप में राजू राजपूत का नाम सामने आया तो विधायक की पसंद और कार्यकर्ताओं के भारी समर्थन से पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष चुम्मन साहू ने मजबूत दावेदारी पेश की। निवर्तमान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा व्यापक समर्थन जुटाने में असफल दिखाई दिए। उन्हें भुनेश्वर बघेल का कट्टर समर्थक होने का नुकसान,पूरे कार्यकाल में सक्रिय रहने के बावजूद उठाना पड़ सकता है। कांग्रेस नेता नवाज की पसंद के उम्मीदवार को फार्म भरने का मौका चुनाव पर्यवेक्षक शहीद भाई द्वारा नहीं देने से,कांग्रेस नेता पंचराम चंदेल फिलहाल मैदान से बाहर है,लेकिन ऊपर लेबल में सब कुछ संभव हो सकता है। जिसकी चलेंगी उसी के उम्मीदवार के सर पर सेहरा बंधेगा। वहीं कांग्रेस की परम्परा नुसरा घोषणा के पूर्व स्थानीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल की पसंद ना पसंद को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा तवज्जो मिलने की पूरी संभावना है। किंतु कांग्रेस नेता नवाज की पहुंच को भी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता।

### बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने अध्यक्ष चुनाव में भाग लिया

कांग्रेस की सत्ता जाने के पश्चात होने वाले संगठन चुनाव में 300 से अधिक कार्यकर्ताओं का पहुंचना और अध्यक्ष पद के लिए प्रतिस्पर्धा करना ग्रामीण क्षेत्र में कांग्रेस के बढ़ते जनाधार को दर्शाता है। चुनाव हेतु आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक शाहिद भाई, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल,पूर्व मंत्री धनेश पाटीला, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, प्रदेश महामंत्री डॉ. थानेश्वर पाटिला, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव,विष्णु लोधी, निवर्तमान ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, लता साहू, आशा मंडावी, फिरंगी पटेल, सामसाय टांडेकर, शिशुपाल भारती, नेतराम साहू, चुम्मन साहू, कीर्तन मंडावी, रुपेश वर्मा, गुलशन लिल्हारे, नरेंद्र वर्मा, रामेश्वर कंवर, किर्तन कंवर, होंमदत वर्मा, पंचराम चंदेल ,राजू राजपूत, मनीष तिवारी, रमन साहू सहित 300 से अधिक कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





- सर्वसम्मति नहीं बनने पर 5 दावेदार मैदान में उतरे
- पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष चुम्मन साहू और राजू राजपूत के मध्य हुआ मुख्य मुकाबला
- पर्यवेक्षक शाहीद भाई जिला संगठन को सौंपेंगे रिपोर्ट

### विभिन्न गुटों में बटे दावेदारों ने पेश की दावेदारी -

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष के चुनाव में पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल के कट्टर समर्थक रहे ग्राम पंचायत ढारा के उप सरपंच राजू राजपूत कांग्रेस कार्यकर्ताओं के दम पर चुनाव मैदान में उतरे थे। विधायक दलेश्वर साहू एवं स्थानीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष समर्थन पाकर पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष चुम्मन साहू का पड़ला भारी दिखाई दे रहा है।तीसरे प्रमुख प्रत्याशी की बात की जाए तो हाल ही में मंडल अध्यक्ष बनाए गए पंचराम चंदेल ने कांग्रेस नेता नवाज खान व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष समर्थन से अपनी दावेदारी पेश की थी।किंतु नियमों का हवाला देकर पर्यवेक्षक शाहिद भाई ने उन्हें चुनावी मैदान से अलग रखा। इसी बात को लेकर कार्यकर्ताओं के मध्य भारी वाद-विवाद देखने-सुनने को मिला। इसके अलावा निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, कांग्रेस नेता गौकरण कोसले व अश्वनी कुमार ने भी कांग्रेस अध्यक्ष पद हेतु दावेदारी पेश की।

### नवाज समर्थक पंचराम चंदेल की दावेदारी को निरस्त करने पर कार्यकर्ताओं ने मचाया हंगामा

कांग्रेस नेता नवाज के समर्थक के रूप में हाल ही में कांग्रेस का मंडल अध्यक्ष बनाए गए पंचराम चंदेल द्वारा अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश की गई। इस पर अन्य दावेदारों के समर्थकों द्वारा की गई आपत्ति के बाद पर्यवेक्षक शाहिद भाई ने भी कहा कि जो मंडल अध्यक्ष है वह ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की दावेदारी नहीं कर सकते। जिसका विरोध पंचराम चंदेल के समर्थकों द्वारा किया गया एवं पर्यवेक्षक के निर्देश को मानने से इनकार कर दिया गया। चल रहे विवाद के बीच पर्यवेक्षक शाहिद भाई द्वारा सभी दावेदारों के पक्ष में उपस्थित कार्यकर्ताओं को रजिस्टर में अपना अभिमत दर्ज करने कहा गया। इस बीच उपस्थित कार्यकर्ता अपने-अपने पसंदीदा उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार-प्रसार करते नजर आए। अनेक कार्यकर्ता अध्यक्ष चुनाव के परिणाम की घोषणा सभा स्थल पर करने की मांग करने लगे।

### विधायक की पसंद ना पसंद को प्रदेश संगठन देगा तवज्जो -

परंपरा अनुसार स्थानीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल की पसंद ना पसंद को ध्यान में रखकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्णय लिए जाने की प्रबल संभावना बनी हुई है। हालांकि बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं का रुझान मुख्य रूप से राजू राजपूत और चुम्मन साहू के पक्ष में दिखाई दिया। अब देखना है कि अध्यक्ष के रूप में विधायक की ओर से किसकी सिफारिश की जाती है।

# रींवागहन के क्षतिग्रस्त पुल का शीघ्र जीर्णोद्धार कराया जाएगा - सीईओ जनपद पंचायत

**(दावा के खबर का असर)**

डोंगरगढ़/बेलगांव(दावा)। ग्राम पंचायत रीवागहन स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया के जीर्णोद्धार का कार्य जनपद पंचायत डोंगरगढ़ द्वारा शीघ्र कराए जाने का आश्वासन जनपद पंचायत सीईओ भगवती साहू द्वारा दिया गया है। विगत दिनों हुई अत्यधिक वर्षा एवं निम्न स्तर के निर्माण कार्य के चलते हाल ही में निर्मित पुल के धराशाई हो जाने से आवागमन बाधित हुआ है। पुल का निर्माण ग्रामीणों की मांग पर तत्कालीन जनपद सदस्य रवि अग्रवाल की ठोस पहल पर ग्राम पंचायत द्वारा किया गया था, ताकि किसान अपना कृषि कार्य आसानी से संपादित कर सके और ग्रामीण आम निस्तार हेतु तालाब में आसानी से आ-जा सकें। इसके अलावा तीज त्यौहार के कार्य भी सुविधाजनक संपन्न किया जा सके। ग्रामीणों को तालाब में आम निस्तार के साथ-साथ कृषि कार्य में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुल के क्षतिग्रस्त होने से अनेक किसानों को आर्थिक क्षति भी पहुंची है। पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने पर, विगत दिनों ग्रामीणों को हो रही परेशानी को लेकर दैनिक दावा समाचार पत्र में प्रमुखता के साथ समाचार का प्रकाशन किया गया था। जिसे संज्ञान में लेकर जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के सीईओ द्वारा शीघ्र ही पुल के जीर्णोद्धार कराने की बात कही गई है। पुल का जीर्णोद्धार हो जाने से किसानों को कृषि कार्य में सुविधा होगी। किसानों को अत्याधिक दूरी तय कर अपना कृषि कार्य करना पड़ रहा है। इसके अलावा ग्रामीण इसी मार्ग से होकर कम दूरी तय कर डोंगरगढ़-खैरागढ़ मुख्य मार्ग में स्थित ग्राम कातल वाही से होकर शिवपुरी आते-जाते है।



- तालाब जाने के एकमात्र मार्ग के अवरुद्ध हो जाने से परेशान है किसान व ग्रामीण
- निर्माण एजेंसी पर जांच उपरांत कार्रवाई करें प्रशासन- पीड़ित किसान प्रहलाद वर्मा

### निर्माण एजेंसी पर जांच उपरांत कार्रवाई करें प्रशासन- पीड़ित किसान

गांव के किसान प्रहलाद वर्मा ने बताया कि पुलिया के टूट जाने से उनके एक एकड़ खेत पूरा मिट्टी से पट गया। जिसके कारण उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचा है। ग्रामीण प्रहलाद वर्मा व मानिक लाल वर्मा ने कहा है कि टूटे हुए पुलिया की जांच कर कार्य एजेंसी पर कठोर कार्रवाई किया जाए।

# बैगा आदिवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर आंगनबाड़ी भर्ती में लगाया अनियमितता का आरोप

**लंबी दूरी तय कर खैरागढ़ पहुंच कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन**



खैरागढ़ (दावा)। जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम तुमडादाह पंचायत सिंगार के बैगा आदिवासी ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती में अनियमितता का आरोप लगाते हुए। कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन ग्रामसभा की सर्वसम्मति से माहे धुर्वे पति अंजोरी धुर्वे को सौंपा गया था और जनवरी 2024 से केंद्र का संचालन उनके घर से ही किया जा रहा है। लेकिन हाल ही में हुई भर्ती प्रक्रिया में विद्या मरकाम पति अरविंद मरकाम को कार्यकर्ता नियुक्त कर दिया गया, जो मूलतः मध्यप्रदेश निवासी हैं। इस नियुक्ति से पूरे गांव में नाराजगी है।

ग्रामवासियों का आरोप है कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई और उनकी सहमति की अनदेखी की गई। उन्होंने मांग की है कि या तो नियुक्ति माहे धुर्वे को दी जाए अथवा भर्ती प्रक्रिया निरस्त कर नियम अनुसार पुनः चयन किया जाए। ग्रामीण प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपते समय बड़ी संख्या में बैगा समाज के लोग उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव का गंडई नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



गंडई पंडरिया (दावा)। नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव का बीते शुक्रवार की सुबह साढ़े 11 बजे गंडई नगर आगमन हुआ। श्री यादव का नगर आगमन पर बीजेपी कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक बंधुओं ने बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। श्री यादव ने नगर आगमन कर नगर के मां गंगई मंदिर गये जहां पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद श्री यादव कबीरधाम के लिए निकले।

कैबिनेट मंत्री बनने के बाद श्री यादव का प्रथम आगमन रहा है, इस समय जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, किसान नेता खम्हन ताम्रकार, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, अनु. जाति जिला अध्यक्ष जीवन दास रात्रे, सांसद प्रतिनिधि राजेश ताम्रकार, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता, पूर्व नगर अध्यक्ष टेकन देवांगन, अनु. जाति मंडल अध्यक्ष राकेश टंडन, नगर उपाध्यक्ष श्यामपाल ताम्रकार, प्रकाश जंघेल, मंगलचंद जैन, लीला साहू, विक्की अग्रवाल, रवि भवनानी, दूजे वर्मा, डोगेंद्र कौशिक, भानू साहू, दिनेश भट्ट, उमा चौबे, आशा कुर्रे, अंजली देवांगन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता, सामाजिक बंधु एवं नगरवासी मौजूद रहे।

# विधायक दशगात्र में हुए शामिल



जोंधरा (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत आमगांव (कुमरदा) विकासखंड छुरिया निवासी लखन लाल साहू जी का दिनांक 13.08.2025 को आकस्मिक निधन हो गया , जिनके दशगात्र शोक कार्यक्रम में खुज्जी विस क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू शामिल होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किए एवं शोक संतृप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट किए. इस दौरान प्रताप घावडे मंडल अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी उमरवाही, डोमेश्वर साहू पूर्व जनपद सदस्य, कामता प्रसाद साहू, रामेश्वर सिंह, मिलाप दास, दिलीप कुमार एवं शोकाकुल परिवारजन व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पीएचई कॉन्ट्रैक्टर संघ मोहला-मानपुर की कार्यकारिणी गठित

राजनांदगांव (दावा)। जिला पीएचईडी कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के जिला अध्यक्ष उमाकांत वाजपेई ने अपनी 18 अगस्त को कार्यकारिणी का गठन किया, जिसमें संरक्षकगण-घनश्याम अग्रवाल, राकेश जोशी, सुरेंद्र दास वैष्णव, अनिल सक्सेना, निलेश श्रीवास्तव, युगल बाफना, अरविंद शर्मा, मूलचंद लोधी, त्रिगुण टांक। उपाध्यक्ष हर्ष बोहरा एवं अमेंद्र सिंन्हा, सचिव नितिन दामले, सहसचिव शैलेंद्र मिश्रा एवं अनीश ठक्कर, कोषाध्यक्ष संदीप खंडेलवाल, मीडिया प्रभारी योगेंद्र सिगने, कार्यकारिणी सदस्य राजेश जैन, धीरज साइन अर्जुन सिन्हा, श्रीमती दामिनी साहू निर्वाचित हुए।

जिला अध्यक्ष उमाकांत बाजपेई ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को बधाई देते हुए अपनी जिम्मेदारियां को ईमानदारी से निर्वहन करते हुए ठेकेदारों की समस्याओं को प्रखर होकर उठाने हेतु कहां है तथा संगठन को और मजबूत करने की दिशा में तत्परता से जुट जाने हेतु लक्ष्य निर्धारण को कहा है।

# आज जिला स्तरीय लक्ष्य प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

घुमका (दावा)। लक्ष्य छत्तीसगढ़ से संबंद्ध जिला इकाई राजनांदगांव के द्वारा लोधी समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए आज लक्ष्य प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर गाइडेंस का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन समिति के जिला अध्यक्ष बी एल वर्मा एवं जिला सचिव नेहरू राम वर्मा ने बताया कि आज 24 अगस्त को घुमका में शिक्षा से सामाजिक विकास की दिशा में लोधी समाज का बौद्धिक संगठन लक्ष्य छत्तीसगढ़ जिला इकाई राजनांदगांव के द्वारा समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन देने तथा उच्च शिक्षा सुविधाओं की जानकारी प्रदान करने का उद्देश्य से लक्ष्य प्रतिभा सम्मान व कैरियर गाइडेंस समारोह का आयोजन किया गया है।

इस कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में एफ.आर. वर्मा अध्यक्ष लक्ष्य छत्तीसगढ़ एवं जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम, चैनदास जंघेल संयोजक लक्ष्य छत्तीसगढ़ एवं सहायक प्रबंधक भिलाई स्टील प्लांट, डॉ अश्वनी जंघेल ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर साजा, बेमेतरा, डॉ. टेकेश्वर कुमार वर्मा प्राचार्य संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी राजनांदगांव, डॉ. डाकेश्वर वर्मा सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम अवंती विद्या मंदिर घुमका में प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन समिति ने इस अवसर पर जिले के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, पालकों से आयोजन का लाभ उठाने की अपील की है।

# बड़भूम में दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता 26 अगस्त से

जोंधरा (दावा)। डोंगरगांव विकासखंड के आश्रित ग्राम बड़भूम में आगामी 26 व 27 अगस्त को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी तीज पर्व पर दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है, प्रथम से सातवां स्थान आने वाली मंडलियों को नगद पुरूस्कारों के साथ प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जायेगा , वहीं प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 16 मंडलियों को 2500 रूपये नगद पुरूस्कार प्रदान किया जायेगा। उक्ताशय की जानकारी चोवाराम उर्वशा ने दी है।

# पीएम श्री में पांच दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम संपन्न

गंडई (दावा)। पीएम श्री योजना के अंतर्गत पीएम श्री स्व. लाल मूरत सिंह खुशरो शासकीय अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालय गंडई में 19 से 23 अगस्त तक पांच दिवसीय तकनीकी इंटर्नशिप कार्यक्रम राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भुनेश्वर द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग तकनीकी इंटर्नशिप का सफल आयोजन किया गया। यह विषय वर्तमान युग की आवश्यकता और भविष्य की दिशा को दर्शाता है। जिसमें विद्यार्थियों को उन्नत तकनीकियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार ददरया ने बताया कि अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों माध्यम के विद्यार्थियों ने इस प्रशिक्षण में अत्यन्त रूचि और उल्लास के साथ भाग लिया। उन्होंने न केलव सैद्धांतिक ज्ञान अर्जित किया। बल्कि कोडिंग द्वारा प्रायोगिक अनुभव भी प्राप्त किया। जिससे उनका उत्साह और अधिक बढ़ गया। इस प्रशिक्षण को सफल बनाने में मास्टर ट्रेनर्स डॉ. पूनम सिंह एवं डॉ. प्रतिमा गर्ग का उल्लेखनीय योगदान रहा।




वहीं विद्यालय के स्थानीय इंटर्नशिप प्रोग्राम प्रभारी सुश्री योगेश्वरी तारम एवं समन्वयक जसबीर सिंह ने पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सतत् मार्गदर्शन और तकनीकी सहयोग प्रदान किया। विद्यार्थियों ने इस इंटर्नशिप को एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक अनुभव माना। उनका कहना है कि इस प्रशिक्षण से न केवल उनकी तकनीकी दक्षता में वृद्धि हुई है। बल्कि डिजिटल तकनीक और भविष्य के करियर अवसरों को लेकर उनका आत्मविश्वास भी मजबूत हुआ है। विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण में जो कुछ सीखा उससे आधारित पोस्टर एवं असाइनमेंट भी तैयार किया। जो कि यह दर्शाता है कि विद्यार्थियों ने कितने जिज्ञासा के साथ उक्त प्रोग्राम में भाग लिया और प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को अमल करने तुरंत गतिविधियों के माध्यम से प्रस्तुत किया। अंत में विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों ने आशा व्यक्त की कि ऐसी तकनीकी ट्रेनिंग प्रतिवर्ष आयोजित हो ताकि विद्यार्थियों में कुछ नया सीखने की उमंग निरंतर बनी रहे। प्रशिक्षण मे कुल 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और पालको के द्वारा भी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की गयी तथा बताया गया की विद्यालय मे शिक्षको का सहयोग और मार्गदर्शन मिलता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने मे विद्यालय के संपूर्ण स्टाफ का सहयोग और मार्गदर्शन विद्यार्थियों को मिला।

# बोझ नहीं, बेटियां, बल्कि परिवार की शान है - संजय सिन्हा

### महिला बाल विकास द्वारा आयोजित रजत महोत्सव में शामिल हुए

छुरिया (दावा)। विकासखंड के ग्राम पंचायत कल्लूबंजरी, जोशीलामती में राज्य सरकार के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के गौरवपूर्ण 25 वर्ष पूरा होने पर 'रजत महोत्सव' का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना छुरिया व परियोजना कुमरदा के तत्वावधान में बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओ संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय कुमार सिन्हा, अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती व छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर गुलाल लगाकर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि बेटियां समाज की बोझ नहीं, बल्कि परिवार की शान है। बेटी एक कुल नहीं बल्कि दो कुल को तारती है। आज हमे यह समझना होगा कि बेटियां किसी से कम नही है। वे राजनीति, शिक्षा, खेल और विज्ञान, कला हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। हमें मिलकर यह संकल्प लेना होगा कि बेटियों को जन्म देंगे, बेटियों को पढ़ाएंगे और आगे बढ़ने का अवसर देना होगा। तभी हमारा समाज, देश सशक्त और समृद्ध होगा। इस कार्यक्रम को बालमुकुंद कुंजाम सभापति व प्रवीण मेश्राम आरक्षक गैंदाटोला ने भी साइबर अपराध के विषय में छात्रों को जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से नैनसिंह पटेल, भुखन धनकर, मरकाम मैडम सीडीपीओ, श्रीमती गौतरीहीन कुंजाम, सिंग मैडम कुमर्दा सीडीपीओ, चित्रा कोर्राम, सरपंच साहू जोशीलामति सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व छात्राएं मौजूद रही।



# आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने आदि कर्मयोगी अभियान की तैयारियों की समीक्षा की



राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जनजातीय अंचलों में सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए एक नई पहल करते हुए आदि कर्मयोगी अभियान शुरू किया गया है। इस संबंध में आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टरों की बैठक लेकर आदि कर्मयोगी अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह कलेक्टोरेट के एनआरसी कक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।

आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू होकर महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पर्व एवं आदि कर्मयोगी सेवा अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य सेवा, समर्पण एवं सुशासन की भावना के साथ जमीनी स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सशक्त करना, उनकी नेतृत्व क्षमता बढ़ाना तथा ग्राम स्तर पर शासकीय सेवाओं की प्रदायगी को मजबूत करना है। बैठक में ट्राइफेड के प्रबंध निदेशक श्री हृदेश कुमार ने छत्तीसगढ़ में आदिवासी विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को छत्तीसगढ़ से बहुत उम्मीदें हैं और आदि कर्मयोगी अभियान की सफलता के लिए सभी कलेक्टर उत्कृष्ट कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि अभियान का लक्ष्य विकसित भारत मिशन 2047 की तर्ज पर जनजातीय ग्राम विजन 2030 तैयार करना है।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान के तहत 105 आदिवासी बहुल ग्राम पंचायतों में आदि सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए युवाओं को आदि साथी के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। जिला स्तर पर 7 विभागों पंचायत, आदिवासी विकास, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, पीएचई, वन तथा शिक्षा के 7 मास्टर ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है। जिला मास्टर ट्रेनर्स सितंबर के प्रथम सप्ताह में प्रत्येक ब्लॉक से 5 ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। जिले में केन्द्र सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) और धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान भी संचालित किए जा रहे हैं। इसके तहत जिले के 105 चयनित ग्रामों में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड और जाति प्रमाण पत्र जैसे व्यक्तिगत दस्तावेज बनाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ पेयजल, बिजली और सड़क जैसे 17 लाईन डिपार्टमेंट द्वारा सामुदायिक विकास कार्य भी कराए जा रहे हैं। इन 105 ग्रामों में छुरिया ब्लॉक के 67, डोंगरगढ़ के 28, डोंगरगांव के 8 और राजनांदगांव के 2 ग्राम शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आदि कर्मयोगी अभियान के तीन स्तरों के माध्यम से लागू किया जाएगा। जिनमें आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी और आदि साथी शामिल होंगे।

# नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव एवं बलरामपुर में कक्षा 9वीं प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की वर्गवार तृतीय प्रतीक्षा सूची जारी




राजनांदगांव (दावा)। नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव एवं बलरामपुर में शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की वर्गवार तृतीय प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। प्रकाशित सूची का अवलोकन विभागीय वेबसाईट में किया जा सकता है। प्रवेश हेतु 29 एवं 30 अगस्त 2025 से सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू उरकुरा मार्ग व्हीआईपी सीटी कालोनी के सामने जिला रायपुर में काउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा।

29 अगस्त 2025 को अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (पीवीटीजी) बालक तथा अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (पीवीटीजी) बालिका और अनुसूचित जाति बालक-बालिका वर्ग तथा 30 अगस्त 2025 को अन्य पिछड़ा वर्ग बालक-बालिका वर्ग एवं सामान्य वर्ग बालक-बालिका वर्ग के लिए काउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा।

विद्यार्थी निर्धारित काउंसलिंग तिथि को अपना प्रवेश पत्र, सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी निवास एवं जाति प्रमाण पत्र, वर्ष 2024-25 में कक्षा 8वीं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र, यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित है तो इस आशय का संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र या शाला छोडने का प्रमाण पत्र, विद्यार्थी की मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र, सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र, 2 स्वयं का पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो अनिवार्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने कहा गया है। मेरिट सूची में दर्शित विद्यार्थी के साथ एक अभिभावक एवं पालक को काउंसलिंग स्थल में प्रवेश की पात्रता होगी। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक काउंसलिंग फार्म प्राप्त कर भर कर जमा करना अनिवार्य होगा, तत्पश्चात काउंसलिंग फार्म उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितम्बर को

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 13 सितंबर 2025 को पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला न्यायालय राजनांदगांव के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा नेशनल लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय राजनांदगांव, व्यवहार न्यायालय खैरागढ़, डोंगरगढ़, अंबागढ़ चौकी, छुईखदान एवं राजस्व न्यायालय के विभिन्न प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन का निराकरण किया जाएगा।

लोक अदालत में न्यायालय के लंबित राजीनामा योग्य मामलों का निराकरण बड़े ही सौहाद्रपूर्ण माहौल में किया जाता है। लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा संबंधित न्यायाधीशों, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधियों के साथ लगातार बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा है।



लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों, धारा-138, परक्राम्य लिखत अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, सिविल प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों व पारिवारिक विवाद के मामलो का निराकरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बैंक, विद्युत विभाग, दूरसंचार विभाग, नगरपालिका परिषद् में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्री-लिटिगेशन प्रकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किए जाएगें, जो विधिवत पंजीयन उपरांत संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी कर लोक अदालत में निराकृत किया जाएगा। यदि कोई भी व्यक्ति लोक अदालत के माध्यम से अपना प्रकरण निराकृत करना चाहता है, तो वह 13 सितंबर 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना प्रकरण निराकृत करा सकता है।

**न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का किया जाएगा निराकरण**

इस बार भी हाईब्रिड लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पक्षकार व अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित होकर व अपने घरों से भी वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आपसी सहमति से प्रकरणों का निराकरण करेंगे। नेशनल लोक अदालत के सफल संचालन हेतु राजनांदगांव जिला न्यायालय की वेबसाईट https://raj-nandgaon.dcourts.gov.in पर दिये गये लिंक की सहायता से पक्षकारों को घर बैठे सीधे लोक अदालत की खण्डपीठ से जुड़ने में सहायता मिलेगी। यदि कोई पक्षकार उक्त लोक अदालत के माध्यम से अपना राजीनामा योग्य प्रकरण निराकृत कराना चाहते है, तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव अथवा अपने अधिवक्ता से संपर्क कर सकते है। इस तरह पक्षकार अपने न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कर सकते है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा पक्षकारों से अपील की जाती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत को सफल बनाये।

## छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत बोलेरो पिकअप वाहन राजसात

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने ग्राम तवेपार पोष्ट महदुरा जिला भण्डारा महाराष्ट्र निवासी गणेश मयाराम लूटे के स्वामित्व की जप्तशुदा वाहन बोलेरो पिकअप क्रमांक एमएच 36 एए 4271 को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है।

पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने तथा सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी एवं प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रामाटोला में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार की बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालिका एवं महिलाओं को सुरक्षित, सक्षम और सशक्त बनाने एवं सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण, सुरक्षा और संरक्षण को बढ़ावा दिए जाने के लिए डोंगरगढ़ परियोजना के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रामाटोला में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला सुरक्षा की थीम में रंगोली, चित्रकला, निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

अतिथियों द्वारा प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में साइबर बुलिंग, आईटी एक्ट, भारतीय न्याय संहिता 2023, साइबर ग्रूमिंग, सोशल मीडिया में होने वाले समस्या, यौन शोषण, लैंगिक उत्पीडऩ, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, फर्जी डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, शेयर मार्केट, ट्रेडिंग, फर्जी वीडियो कॉल, फर्जी आईडी से फ्रेडशिप फेसबुक या इंस्टा, साइबर स्टाकिंग, वर्क फॉर्म होम, ऑनलाइन जॉब, सोशल मीडिया में प्राइवेट रखना चाहिए। ऑनलाइन ठगी, साइबर क्राइम का नेशनल हेल्प लाइन नंबर 1930 के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सुपरवाइजर रिंकी कुर्रे, संतोषी राजपूत और अहिल्या तुलावी, थाना डोंगरगढ़ के प्रधान आईटी और महिला आरक्षक एवं सहयोगी, विद्यालय के शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

# कलेक्टर के निर्देश पर आय, जाति, निवास प्रमाण पत्रों के शत-प्रतिशत सेचुरेशन हेतु समस्त ग्राम पंचायतों में अभियान चलाकर शिविरों में आवेदन पत्र किए जा रहे जमा

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार आय, जाति, निवास प्रमाण पत्रों के शत-प्रतिशत सेचुरेशन हेतु समस्त ग्रामों में अभियान चलाकर ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर व्यापक पैमाने पर आवेदन पत्र जमा करने का कार्य किया जा रहा है।



**छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव : 20 से 30 अगस्त तक किया जाएगा आवेदन संकलन का कार्य**

इसी कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों में आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं एवं अन्य पात्र हितग्राहियों ने उत्साहपूर्वक आवेदन जमा किया। इसके लिए राजस्व विभाग द्वारा मुनादी करते हुए प्रचार-प्रसार किया गया, ताकि सभी पात्र हितग्राहियों के आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र आसानी से बनाया जा सके। 20 अगस्त से 30 अगस्त 2025 तक आवेदन लेने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए तहसील विद्यालयों एवं हास्टल में आवेदन पत्रों का प्रारूप हितग्राहियों को निःशुल्क वितरण कराने के निर्देश दिए गए है। 20 अगस्त से विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पटवारी, कोटवार, सरपंच, सचिव की उपस्थिति में शिविर का आयोजन किया जा रहा है तथा आवेदन पत्र जमा किए जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के दौरान आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र से संबंधित बहुत से आवेदन प्राप्त हुए थे। इसके दृष्टिगत कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने संपूर्ण जिले में स्कूली छात्र-छात्राओं एवं अन्य पात्र हितग्राहियों के लिए आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र जारी करने हेतु शिविर लगाने के निर्देश दिए। इसी कड़ी में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए फ्री आईडी जारी किया गया है। जिसके तहत आवेदन पत्र तथा दस्तावेज अपलोड करने पर राशि नहीं लगेगी। जबकि अन्य पात्र हितग्राहियों के लिए निर्धारित शुल्क लगेगा। अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने बताया कि आवेदन के लिए 30 रूपए तथा प्रत्येक दस्तावेज के लिए 5 रूपए की राशि देय होगा। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र का संकलन 20 से 30 अगस्त 2025 तक जमा किए जाएंगे तथा साथ ही अन्य दस्तावेज भी जमा किए जाएंगे। आधार सेवा केन्द्र एवं लोकसेवा केन्द्र के माध्यम से दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड किए जाएंगे तथा ऑनलाईन प्रविष्टि के बाद प्रमाण पत्रों का निराकरण किया जाएगा। संबंधित एसडीएम एवं तहसीलदारों के द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा तथा ऑनलाईन आवेदन स्वीकृति के उपरांत प्रमाण पत्र स्कूलों या ग्राम पंचायत के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे।

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आंदोलन को शासकीय शिक्षक फेडरेशन का समर्थन



मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर 22 अगस्त 2025 को आयोजित एक दिवसीय आंदोलन का समर्थन किया है। इस संबंध में फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष शंकर साहू ने कहा कि 'मोदी की गारंटी' को छत्तीसगढ़ सरकार गलत साबित कर रही है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि को धूमिल कर रही है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को समय पर महंगाई भत्ता और देय तिथि से एरियर का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे कर्मचारी वर्ग में आक्रोश है।

शंकर साहू ने कहा कि एल.बी. संवर्ग के शिक्षकों की सेवा की गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से करते हुए सभी लाभ दिए जाने की मांग पुरजोर तरीके से उठाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षक फेडरेशन, फेडरेशन की सभी प्रमुख मांगों का समर्थन करते हुए आंदोलन में भाग लेगा।

### फेडरेशन की प्रमुख मांगे

मोदी की गारंटी अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र सरकार के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता दिया जाए। वर्ष 2019 का लंबित महंगाई भत्ता एरियर जीपीएफ खाते में समायोजित किया जाए। एल.बी. संवर्ग के शिक्षकों को पूर्व सेवा की गणना कर सेवा लाभ दिए जाएं। पिगुंआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक कर विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियां दूर की जाएं। कर्मचारियों को 8, 16, 24 और 32 वर्ष में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान दिया जाए। प्रदेश में कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू की जाए। अनुकंपा नियुक्ति निशर्त लागू कर स्थायी आदेश जारी किए जाएं। अर्जित अवकाश का नगदीकरण 300 दिवस किया जाए। सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कमी को देखते हुए सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष की जाए। पंचायत सचिवों, कार्यभारित, दैनिक वेतनभोगी, संविदा व अन्य कर्मचारियों को नियमित कर नियमित पदों पर पदस्थापित किया जाए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में आंदोलन में शामिल होकर आंदोलन को सफल बनाने की सहमति प्रदान की है।

### जिपं साधारण सभा की बैठक 3 को

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 3 सितम्बर दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की जाएगी।

## शेष प्रथम पेज

***उपराष्ट्रपति चुनाव : अमित शाह और राजनाथ सिंह....***

और उन्हें उपराष्ट्रपति पद के लिए शुभकामनाएं दीं। मुझे विश्वास है कि वे एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति साबित होंगे। सिंह ने राधाकृष्णन की विनम्रता और संवैधानिक ज्ञान की सराहना की।

राधाकृष्णन ने लिया आडवाणी का आशीर्वाद : शुक्रवार को सीपी राधाकृष्णन ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। राधाकृष्णन, जो वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं, ने अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन जुटाने के लिए कई नेताओं से मुलाकात की है।

**उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारियां :** जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई 2025 को स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफे के बाद यह चुनाव जरूरी हो गया था। भारत निर्वाचन आयोग ने 9 सितंबर को मतदान और मतगणना की तारीख तय की है। पर्यवेक्षकों के रूप में आईएएस सुशील कुमार लोहानी और डी. आनंदन को नियुक्त किया गया है।

**एनडीए की मजबूत स्थिति :** एनडीए के पास 423 सांसदों का समर्थन है, जो 781 सदस्यीय इलेक्टोरल कॉलेज में बहुमत (392) से अधिक है। इससे राधाकृष्णन की जीत लगभग तय मानी जा रही है। विपक्षी इंडिया गठबंधन ने जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी को अपना उम्मीदवार बनाया है।

***शराब घोटाला : जमानत की राह देख रहे पूर्व सीएम...***

बघेल से पूछताछ के बाद शनिवार को फिर से कोर्ट में पेश किया गया। शराब घोटाला मामले में चैतन्य बघेल को उनके जन्मदिन के दिन 18 जुलाई को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

***जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा... सीबीआई...***

एजेंसी ने यह कदम उठाया। एफआईआर के अनुसार, रिलायंस कम्युनिकेशंस, रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड और रिलायंस इन्फ्राटेल लिमिटेड ने मिलकर अलग-अलग कर्जदाताओं से 31,580 करोड़ रुपये जुटाए। एसबीआई की शिकायत में गलत जानकारी देने, फंड को दूसरी जगह इस्तेमाल करने और धोखाधड़ी वाले लेनदेन का आरोप लगाया गया है। अनिल अंबानी के एक प्रवक्ता ने कहा कि एसबीआई की शिकायत 10 साल से भी पुरानी है। उस समय अंबानी कंपनी के नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर थे। उनका रोजमर्रा के कामकाज में कोई दखल नहीं था। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि एसबीआई ने पहले ही पांच अन्य नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर्स के खिलाफ कार्रवाई वापस ले ली है। लेकिन, अंबानी को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। फिलहाल, रिलायंस कम्युनिकेशंस का प्रबंधन एसबीआई के नेतृत्व में क्रेडिटर्स की एक कमेटी कर रही है। यह मामला एनसीएलटी और सुप्रीम कोर्ट जैसे न्यायिक मंचों में पिछले छह सालों से चल रहा है। अंबानी ने एसबीआई के आरोपों को चुनौती दी है। वह इन आरोपों का सामना करेंगे।

सीबीआई ने लगाए हैं गंभीर आरोप : सीबीआई ने रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी पर आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात का आरोप लगाया है। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि आरोपियों ने आपराधिक साजिश करके एसबीआई से रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के लिए क्रेडिट सुविधाएं मंजूर कराई।जांचकर्ताओं का आरोप है कि लोन की रकम को दूसरी जगह इस्तेमाल किया गया। शिकायत में फंड का गलत इस्तेमाल, कंपनियों के बीच लेनदेन, लोन को रूट करना, सेल्स इनवॉइस फाइनेंसिंग और रिलायंस इंफ्राटेल लिमिटेड की ओर से रिलायंस कम्युनिकेशंस के बिलों की छूट का जिक्र है।

एसबीआई ने 2020 में फॉरेंसिक ऑडिट कराया था। इसमें पता चला कि रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसकी सहायक कंपनियों को मिले 31,580 करोड़ रुपये में से 13,667 करोड़ रुपये बैंक लोन चुकाने और 12,692 करोड़ रुपये संबंधित पार्टियों को दिए गए। 1,883 करोड़ रुपये के निवेश पर भी सवाल उठाए गए। इनमें से ज्यादातर को बेचकर दूसरी कंपनियों को ट्रांसफर कर दिया गया। ऑडिट में नेटिजन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड को 5,525 करोड़ रुपये का कैपिटल एडवांस भी दिखाया गया। यह रिलायंस एडीए ग्रुप की कंपनी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नेटिजन ने मिलेनियम प्राइवेट नेटवर्क लिमिटेड से जो संपत्ति खरीदी थी, उसे रिलायंस कम्युनिकेशंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को ट्रांसफर कर दिया गया और कैपिटल एडवांस को बट्टे खाते में डाल दिया गया। ऑडिट के अनुसार लेनदेन खातों की किताबों में हेरफेर करके और झूठे खाते बनाकर फंड को दूसरी जगह ले जाने की कोशिश जैसा लगता है। ऐसा लगता है कि उन्होंने बेईमानी से फंड का दुरुपयोग और विश्वासघात किया है।

**ईडी के बाद सीबीआई का एक्शन :** एसबीआई ने सबसे पहले नवंबर 2020 में अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस के खाते को फ्रॉड घोषित किया था। इसके बाद जनवरी 2021 में सीबीआई में शिकायत दर्ज कराई गई। दिल्ली हाई कोर्ट के यथास्थिति बनाए रखने के आदेश के बाद शिकायत वापस कर दी गई। मार्च 2023 में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले में कहा गया कि कर्जदाताओं को कर्ज लेने वालों को फ्रॉड घोषित करने से पहले उनकी बात सुननी होगी। एसबीआई ने सितंबर 2023 में अपना पहला फैसला बदल दिया। लेकिन, जुलाई 2024 में आरबीआई के एक सर्कुलर के अनुसार प्रक्रिया फिर से शुरू की। खाते को फिर से फ्रॉड घोषित कर दिया गया। सीबीआई ने 22 अगस्त 2025 को मुंबई की एक विशेष अदालत से तलाशी वारंट हासिल किया और दो दिन बाद छापेमारी की।

सीबीआई का यह मामला रिलायंस ग्रुप से जुड़ी 35 जगहों पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी के कुछ हफ्तों बाद आया है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक अलग मामले में यह छापेमारी की थी। उस समय ग्रुप ने गलत काम करने से इनकार किया था। एसबीआई ने अभी तक इन नए घटनाक्रमों पर कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। अनिल अंबानी ने अपने प्रवक्ता के जरिये दोहराया है कि वह अदालत में आरोपों का सामना करेंगे।

***कल से अमेरिका के लिए भारतीय डाक....***

तंत्र से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रक्रियाएँ अभी निर्धारित नहीं हुई हैं। इसी के कारण भारतीय डाक विभाग ने यह फैसला किया है। संचार विभाग का कहना है कि जिन ग्राहकों ने पहले ही ऐसी सामग्री बुक कर ली है जो इन परिस्थितियों के कारण अमेरिका नहीं भेजी जा सकती, वे डाक शुल्क वापसी की मांग कर सकते हैं। डाक विभाग ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए गहरा खेद व्यक्त करता है और आश्वासन देता है कि अमेरिका के लिए पूर्ण सेवाएँ जल्द से जल्द बहाल करने के लिए हर संभव उपाय किए जा रहे हैं।

***'चंद्रमा, मंगल तक पहुंच गए, अब गहरे...***

ध्वज तिरंगा फहराया था। शुभांशु ने आइएसएस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर हर भारतीय को गौरवान्वित किया। जब शुभांशु ने तिरंगा दिखाया, तो उसे छूने का अहसास शब्दों से परे था। इस बीच गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, राष्ट्रीय अंतरिक्षदिवस पर हम उस ऐतिहासिक क्षण का जश्न मनाते हैं जब चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव को छुआ। उस समय हर भारतीय का दिल गर्व से भर गया। मैं इसरो के प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों को हार्दिक बधाई देता हूं। अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि वर्तमान समय अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत के लिए 'स्वर्णिम काल' है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के कार्यक्रम में कहा कि पूरी दुनिया भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को लेकर उत्साहित है। शुभांशु ने नेहरू तारामंडल में आर्यभट्ट गैलरी का उद्घाटन भी किया।

**इसरो अध्यक्ष ने की पीएम की तारीफ :** इसरो अध्यक्ष ने पीएम मोदी को दिया चंद्रयान 3 की सफलता का श्रेय भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने चंद्रयान 3 मिशन की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि और नेतृत्व को दिया। नई दिल्ली में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मुख्य समारोह में इसरो अध्यक्ष ने कहा, 23 अगस्त 2023 ऐतिहासिक दिन था। उन्होंने कहा कि भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रयान-3 की सफलतापूर्वक लैंडिंग कराई। हम ऐसा करने वाले एकमात्र देश बन गए। भारत के प्रधानमंत्री दूरदर्शी हैं। उन्होंने कहा, हम चंद्रयान-4 मिशन शुरू करने जा रहे हैं। हम वीनस आर्बिटर मिशन शुरू करने जा रहे हैं। हम 2035 तक बीएएस (भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन) नामक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने जा रहे हैं। इसका पहला माड्यूल 2028 तक प्रक्षेपित किया जाएगा।

# अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ में डॉ.सौरव निर्वाणी को छत्तीसगढ़ प्रदेश संयोजक बने

## संतों का मिला आशीर्वाद, शीघ्र पुजारी पुरोहित महासम्मेलन किया जाएगा

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बलाबावा मंदिर के प्रतिष्ठित पुजारी देव कुमार बाला दास ने छत्तीसगढ़ के युवा सनातन सेवक एवं धर्मप्रचारक डॉ. सौरभ निर्वाणी को छत्तीसगढ़ प्रदेश पुजारी पुरोहित संघ का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है। केवल इतना ही नहीं, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने डॉ. निर्वाणी को मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और उड़ीसा का राज्य प्रभारी बनाते हुए तीनों राज्यों में संगठन विस्तार, प्रांताध्यक्षों की नियुक्ति तथा संघ के कार्यों के सुव्यवस्थित संचालन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी सौंपी है। श्री निर्वाणी ने कहा कि शीघ्र पुजारी पुरोहित महासम्मेलन किया जाएगा। नियुक्ति प्राप्त होने पर डॉ. सौरभ निर्वाणी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा-



'यह मेरे लिए केवल सम्मान ही नहीं बल्कि धर्म और सनातन परंपरा की बड़ी जिम्मेदारी है। मैं संतों की आज्ञानुसार एवं शास्त्रसम्मत रीति से संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाऊँगा तथा पुजारी-पुरोहित समाज की एकजुटता और सम्मान की रक्षा हेतु पूरी निष्ठा से कार्य करूंगा।' इस अवसर पर अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के प्रदेश संयोजक नियुक्त किए जाने पर संत-समाज एवं अखाड़ा-परंपरा से जुड़े महापुरुषों ने हर्ष व्यक्त करते हुए अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इनमें प्रमुख रूप से महंत नरेंद्र दास (निर्मोही अखाड़ा), नागा महंत हरिशंकर दास, धर्म स्तंभ काउंसिल के महंत सुरेंद्र दास, भागवताचार्य नारायण महाराज, महंत श्यामदास, महंत हेमंत दास, वैष्णवाचार्य कार्तिक गोस्वामी (राधा रमण मंदिर, वृंदावन), महंत देव दास (रामकुंड), वेनुगोपाल महाराज (जगदलपुर इस्कान), दीपेश रामावत, सहित अनेक संत-महंत, पुजारी एवं पुरोहित समाज ने बधाई संदेश भेजकर संघ के कार्यों में सहयोग का आश्वासन दिया।

### संगठनात्मक दृष्टि से छत्तीसगढ़ के लिए महत्वपूर्ण

अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ सदियों पुरानी सनातन संस्कृति, शास्त्रीय परंपरा और पूजा-पद्धति की रक्षा हेतु समर्पित संगठन है, इस नियुक्ति के साथ डॉ. निर्वाणी को न केवल छत्तीसगढ़ में, बल्कि पड़ोसी राज्यों मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और उड़ीसा में भी संगठनात्मक विस्तार का दायित्व सौंपा गया है, यह निर्णय संघ की दूरदर्शी नीति और युवा नेतृत्व में विश्वास का प्रतीक है, आने वाले समय में संघ पुजारी-पुरोहित समाज की सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक भूमिका को और सशक्त करेगा। पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार बालादास ने कहा कि यह नियुक्ति केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ व तीन राज्यों के पुजारी-पुरोहित समाज को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगी। डॉ. सौरभ निर्वाणी के नेतृत्व में संघ के कार्य संतनिष्ठा, शास्त्रीयता और सामाजिक उपयोगिता की दिशा में गति प्राप्त करेंगे।

# मानपुर में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को जनमानस तक पहुंचाने बिजली विभाग ने लगाया शिविर

मानपुर (दावा)। नवीन जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जनमानस को लाभ दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कम्पनी द्वारा वृहदस्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में वनांचल क्षेत्र मुख्यालय मानपुर में शिविर लगाकर इस योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।



मौके पर 15 लोगों ने कराया पंजीयन, सौर संयंत्र स्थापना के लिए लोगों को कर रहे जागरूक

कार्यपालन अभियंता मोहला अनिल रामटेके के अगुवाई में सौर संयंत्र के वेंडरों एवं भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन बैंक के प्रतिनिधियों ने उपस्थित गणमान्य नागरिको को बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आम जनमानस को रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने पर अधिकतम 1,08,000 रूपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। इस योजना के तहत 1 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट पर कुल 45,000 रूपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। इसी प्रकार 2 किलोवाट प्लांट के लिए 90,000 रूपये तक कुल सब्सिडी मिलती है। 03 किलोवाट क्षमता के प्लांट पर कुल 1,08,000 रूपये की सहायता मिलती है। इस स्कीम के अन्तर्गत उपभोक्ता सोलर प्लांट का केवल 10 प्रतिशत डाउन पेमेंट देकर 6 प्रतिशत ब्याज दर से 90 प्रतिशत लागत राशि को अधिकतम 10 वर्ष के लिए फाइनेंस कर सकते है। इस दौरान लगभग 15 लोगों ने मौके पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से सौर संयंत्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर अपना पंजीयन भी कराया। इस जागरूकता अभियान के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के साथ लगने वाले आवश्यक दस्तावेज जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, फॉर्म-16 या दो वर्ष का आयकर रिटर्न एवं बिजली बिल को अपलोड कराने की जानकारी भी गई। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में घर-घर रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित कर लोगों को प्रदूषण मुक्त, मुफ्त और निरंतर बिजली देने एवं प्रत्येक उपभोक्ता को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाकर उनके मासिक खर्चों में भी उल्लेखनीय कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह मंडावी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष देवानंद कौशिक, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष मदन साहू, जनपद सदस्य श्रीमती रेणु टांडिया, श्रीमती कांताबाई, ओमप्रकाश चंडाक, शमीम तिगाला, मनीष निर्मल, राजहंस मंडावी, यशवंत पटेल, सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

# खैरागढ़ महाविद्यालय में रासेयो के अंतर्गत अभिमुखीकरण कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। रानी रश्मि देवी सिंह महाविद्यालय खैरागढ़ में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु अभिमुखीकरण कार्यक्रम एवं 'सी' प्रमाण पत्र वितरण प्राचार्य डॉ.ओ.पी. गुप्ता, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.जे.के. साखरे, रासेयो प्रभारी यशपाल जंघेल, स. प्रा. सतीश माहला, अतिथि व्याख्या डॉ. उमेद चंदेल, अतिथि ग्रंथपाल विनय चौहान की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।




प्राचार्य ओ. पी. गुप्ता ने सत्र 2024-25 में 'सी' प्रमाण पत्र अर्जित करने वाले 11 स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र वितरित कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इसके बाद अपने उद्बोधन में उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं जन-जागरूकता के बारे में स्वयंसेवकों को अवगत कराया।

डॉ.जे.के साखरे ने इस वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े नए स्वयंसेवकों को पूरी ऊर्जा और उत्साह से महाविद्यालय की गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी यशपाल जंघेल ने वर्ष भर होने वाली नियमित गतिविधियों की जानकारी दी। वरिष्ठ स्वयंसेवक टिकेन्द्र वर्मा ने अगले माह महाविद्यालय में होने वाले रक्तदान शिविर की तैयारी की जानकारी दी। आभार प्रदर्शन डॉ. उमेद चंदेल ने किया। इस आयोजन में नितेश साहू, गौरी यदु, लीना वर्मा, भूपेंद्र साहू, पूजा वर्मा, शिवम वर्मा, प्रमोद सिन्हा, वर्षा वर्मा सहित बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

# छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कुएं में डूबकर मृत्यु होने पर 4 लाख रुपए का मुआवज़ा आदेश दिया

राजनांदगांव (दावा)। नवागांव, राजनांदगांव निवासी संपत मारकंडे के पुत्र करण मारकंडे की मृत्यु दिनाक 25 नवंबर 2023 को बीएनसी मिल के पास कुआं में गिरकर हुई थी, जिसकी सूचना आसपास के लोगों द्वारा पुलिस थाना कोतवाली में दिया गया।



पुलिस की विवेचना उपरांत आवेदक संपत मारकंडे ने तहसील राजनांदगांव के समक्ष 6(4) राजस्व पुस्तक परिपत्र के तहत क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। माननीय न्यायालय तहसीलदार द्वारा उक्त आवेदन को स्वीकर करते हुए प्रकरण को आगे की कार्यवाही के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव के समक्ष प्रेषित किया। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा तहसीलदार के उक्त आदेश को सही ठहराते हुए प्रकरण अपर कलेक्टर के न्यायालय को प्रेषित किया। न्यायालय अपर कलेक्टर द्वारा उक्त प्रकरण का अवलोकन करने के उपरांत यहाँ कहकर निरस्त कर दिया कि आवेदक के पुत्र करण मारकण्डे ने आत्महत्या किया है, जिसकी पुष्टि पुलिस द्वारा की गई विवेचना एव गवाहों के पुलिस बयान से होती है तथा उक्त घटना प्राकृतिक नहीं है। तत्पश्चात अधिवक्ता देवेंद्र खोब्रागड़े (मोनू) ने अपने जूनियर अधिवक्ता अनिरुद्ध सिंह के माध्यम से उक्त प्रकरण को माननीय छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बिलासपुर में संस्थित किया जिसकी सुनवाई एकलपीठ के न्यायाधीश जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा ने की। अधिवक्ता अनिरुद्ध सिंह ने अपने तर्क के दौरान कहा कि उक्त घटना के दौरान कोई प्रत्यक्ष साक्षी मौजूद नहीं था, केवल अनुमान पर आधारित है। माननीय न्यायालय द्वारा संपूर्ण परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए आवेदक को 3 माह के भीतर 4 लाख रुपए देने का आदेश पारित किया।

# 'अनावश्यक जंजीर खींचना, रेलगाड़ियों की समयबद्धता और यात्रियों की सुरक्षा पर खतरा

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय रेल आज के परिवेश में जन-जन की जीवन रेखा है और प्रतिदिन लाखों यात्री सुरक्षित एवं समय पर अपने गंतव्य तक पहुँचने के लिए इस पर निर्भर रहते हैं। किंतु कुछ यात्री बिना किसी उचित कारण के ट्रेन की जंजीर खींचकर गाड़ीयों को रोकते हैं, जिससे न केवल रेलगाड़ियों का समयबद्ध परिचालन प्रभावित होता है। बल्कि यात्रियों की सुरक्षा और बहुमूल्य समय भी खतरे में पड़ता है। रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल ने इस समस्या पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है।



मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचन्द्र आर्य के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे, इस अभियान के तहत ऐसे यात्रियों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जा रही है। वर्ष 2024 में ही धारा 141 रेलवे अधिनियम के अंतर्गत 847 मामलों में 834 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर 350195 रूपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं वर्ष 2025 में अब तक 719 मामलों में 683 व्यक्तियों पर कार्रवाई कर 126230 रूपये का जुर्माना वसूला गया है। अदालतें भी दोषियों पर न केवल जुर्माना लगा रही हैं बल्कि ट्रेन की अतिरिक्त देरी के समय के हिसाब से भी भारी जुर्माना वसूल रही हैं।

यह ध्यान रखना आवश्यक है कि धारा 141 रेलवे अधिनियम के अनुसार बिना कारण जंजीर खींचना एक कानूनी अपराध है। दोषी पाए जाने पर एक वर्ष तक की कारावास, 1000 तक का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। यह न केवल कानूनन अपराध है बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी गंभीर बुराई है।

इस प्रकार की घटनाओं से मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुँच पाते, परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र तक देर से पहुँचते हैं। यात्रियों की सुरक्षा व जान-माल को खतरा रहता है। चोरी, जैसी घटनाओं को भी बढ़ावा मिलता है। अपने परिवार, परिचितों और समाज में जागरूकता फैलाएँ ताकि ऐसे अपराधों पर रोक लग सके। भारतीय रेल सभी से सहयोग की अपेक्षा करती है ताकि हर यात्री अपनी मंज़िल पर सुरक्षित और समय पर पहुँच सके।

# कलेक्टर ने शासकीय मेडिकल कॉलेज तथा जिला चिकित्सालय को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं के लिए आपसी समन्वय बनाने के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शासकीय मेडिकल कालेज एवं जिला चिकित्सालय में आपसी समन्वय बनाने के लिए बैठक ली।

## मरीज का उपचार होनी चाहिए पहली प्राथमिकता - कलेक्टर

कलेक्टर ने शासकीय मेडिकल कालेज तथा जिला चिकित्सालय को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा व्यवस्था बनाने के लिए आपसी समन्वय बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि मरीज का उपचार पहली प्राथमिकता होनी चाहिए तथा एमएलसी करने की जिम्मेदारी जिला चिकित्सालय की है। मरीज को रिफर करने की स्थिति में डॉक्टर्स की निगरानी में एंबुलेंस सुविधा देते हुए रिफर करना है। मरीज का उपचार पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार बैठक होते रहना चाहिए तथा चर्चा कर इस समस्या का निराकरण करने के लिए कार्य करने के लिए कहा।

कलेक्टर ने इन कार्यों की निगरानी के लिए सिविल सर्जन को नोडल अधिकारी तथा आरएचओ को समन्वय बनाने के लिए नियुक्त किया है।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर प्रकाश टंडन, संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. अतुल देशकर, अस्पताल उप अधीक्षक डॉ. पवन जेठानी, विभागाध्यक्ष डॉ. मीना आरमो, सिविल सर्जन डॉ. यूएस चंद्रवंशी एवं अन्य अधिकारी तथा डॉक्टर उपस्थित रहे।

# कला उत्सव 2025 में गायन एकल एवं सामूहिक प्रथम अजीज पब्लिक स्कूल



वादन एकल एवं सामूहिक जेएलएम गायत्री स्कूल

राजनांदगांव (दावा)। जिले की रहने वाली श्रीमती सपना सिंह ने 08/08/2025 विकासखंड एवं 20/08/2025 को जिला स्तरीय कला उत्सव में लोक गायिका श्रीमती सपना सिंह (शिक्षिका) शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ओडारबांध विकासखंड डोंगरगांव में गायन एवं वादन विद्या में मुख्य निर्णायक के रूप में उपस्थिति रही।

इस आयोजन में विभिन्न विधाओं पर कक्षा नवमी से कक्षा 12वीं तक जिले के सभी स्कूल के छात्रों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। श्रीमती सपना सिंह लोक गायन के साथ साथ शास्त्री गायन में भी पारंगत हैं, वे खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से शास्त्री गायन में एम.ए की शिक्षा ग्रहण की है। वे लोक गायन में 1000 से भी अधिक मंचीय प्रस्तुति दे चुकी है। लोक गायन के साथ छत्तीसगढ़ी गीतों की रचना भी करती हैं। साथ ही लोक गाथा ढोला मारू में भी गाती है और 2004-2005 में गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में भी अपनी प्रस्तुति दे चुकी है, पूरे राजनांदगांव जिले के लिए यह बहुत बड़े गर्व की बात है।

# अरसीटोला उपकेन्द्र में 3.15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर किया गया ऊर्जीकृत

डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत राजनांदगांव जिले के ग्रामीण अंचलों में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्यमान उपकेन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है।



इसके क्रियाशील हो जाने से 5715 उपभोक्ताओं को मिलेगी उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति

इसी कड़ी में डोंगरगांव उपसंभाग के ग्राम अरसीटोला 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र में 3.15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट के करकमलों द्वारा ऊर्जीकृत किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता राजनांदगांव वृत्त एस. कंवर, कार्यपालन अभियंता, बी.के.उइके, एम.के. साहू, ए.डी. टण्डन, सहायक अभियंता यशवंत तुमरेकी, डी.के. चतुर्वेदी, प्रशांत कोड़ापे, राजेन्द्र साहू, कनिष्ठ अभियंता लाखन सिंह ठाकुर, ताम्रध्वज पिस्दा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।

डोंगरगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता बीरबल उइके ने बताया कि अरसीटोला उपकेन्द्र में 52 लाख रूपये की लागत से स्थापित 3.15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से ग्राम कोकपुर, आसरा, आड़ाम, बम्हनीभाटा, जन्तर, चिद्दो, अरसीटोला, बिटाल, तेलगान, हैदलकोड़ो, खुर्सीपार, बागद्वार, पदगुढ़ा, किरगाहाटोला, बरेठटोला, मगरडोखरा, कल्लुटोला, शिकारीटोला, पुर्रामटोला, जरहामहका, रियाटोला, झिथराटोला एवं बनियाटोला के लगभग 5715 उपभोक्ताओं को उच्च गुणावत्तापूर्ण विद्युत की सुविधा मिलेगी। अब अरसीटोला उपकेन्द्र की क्षमता 3.15 एम.व्ही.ए. से बढ़कर 6.30 ए.व्ही.ए. हो गया है। उन्होंने बताया कि अरसीटोला सबस्टेशन में पहले से मौजूद 3.15 एम.व्ही.ए. का पॉवर ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो जाता था। बरसात के मौसम में वर्षा नहीं होने की वजह से किसानों द्वारा धान की फसल में सिंचाई के लिए एक साथ अपने-अपने कृषि पंपों को चालु करने से लोड शेडिंग एवं लो वोल्टेज की समस्या होती थी, उक्त कार्य से लो वोल्टेज एवं लोड शेडिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी।

# कार्यशाला में उद्यमिता एवं वित्तीय सशक्तिकरण दिया मार्गदर्शन



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान अंतर्गत प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई. व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन, आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ. आर. आर. कोचे, महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. आशा चौधरी के नेतृत्व में 20 अगस्त, बुधवार को 'महिला स्वरोजगार' पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला के तृतीय दिवस में मुख्य वक्ता के रूप में गोपाल कृष्ण यादव सहायक प्राध्यापक वाणिज्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया । मुख्य वक्ता जी. के. यादव ने भारतीय महिला उद्यमी पर जानकारी देते हुए महिला उद्यमी के कार्यों ,विकास एवं ऋण संबंधित जानकारी प्रदान की। इसी कड़ी में उन्होंने बताया कि उत्पादन के पांच साधन- भूमि ,पूंजी ,श्रम, साहस, संगठन होते हैं। जिसमें साहस पर ध्यान केंद्रित किया गया। वहीं छत्तीसगढ़ साहसी महिला स्वरोजगार उद्यमी पद्मश्री से सम्मानित फुलबासन बाई का उदाहरण प्रस्तुत किया। भारतीय महिला उद्यमी के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई ।वहीं महिला स्व -सहायता समूह भारतीय महिला उद्यमी हेतु वित्त के लिए तीन मापदंड विनिर्माण उद्यम, सेवा उद्यम ,व्यवसाय उद्यम ऋण के बारे में छात्राओं को अवगत कराया साथ ही सरकार द्वारा उद्यम हेतु दिया जाने वाला अनुदान की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन नीलम सिन्हा एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती द्वारा किया गया।कार्यशाला के सफल संचालन में कार्यक्रम समिति सदस्य डॉ. नौशीन अंजुम, सुश्री मनीषा भेड़िया, सुश्री नीलम सिन्हा की भूमिका रही। कार्यशाला में पंजीकृत सभी छात्राएं सम्मिलित एवं लाभान्वित हुए।

# ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त श्री शुक्ल का संस्कारधानी के कवि साहित्यकारों ने किया भावभीना सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। साहित्य के क्षेत्र में देश के सबसे बड़ा सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार से पुरस्कृत वरिष्ठ कवि, साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल जी का संस्कार धानी के कवि/साहित्यकारों ने उनके निवास स्थान जाकर उनका भाव-भीना सम्मान किया।



स्वाधीनता दिवस प्रसंग पर शाल श्रीफल पुष्प गुच्छ व तिरंगा भेंटकर किया अभिनंदन

इससे श्री शुक्ल अत्यधिक अभिभूत हुए। छत्तीसगढ़ साहित्य समिति के जिला अध्यक्ष आत्माराम कोशा 'अमात्य' के नेतृत्व में रायपुर के राजेंद्र नगर स्थित श्री शुक्ल के निवास स्थान पर जाकर संस्कारधानी के कवि/साहित्यकार श्री कोशा सहित कथाकार कुबेर साहू, मानसिंह मौलिक, कवयित्री सुषमा शुक्ला 'अंशुमन' कवि लखन लाल 'लहर', पवन यादव 'पहुना', कुलेश्वर साहू, महावीर साहू, आनंद राम सार्वा 'अनंत' फकीर साहू 'फक्कड़' किशोर लोमेश, आदि द्वारा श्री शुक्ल जी को शाल पहना कर तथा श्री फल व पुष्प गुच्छ देते हुए स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या उन्हें तिरंगा भेंट कर सम्मान किया गया।

### साहित्यिक सर्वोच्चता में जुड़ा एक और अध्याय

बता दें कि जिले के निर्माता पं.किशोरी लाल शुक्ल जी के भतीजे श्री विनोद कुमार शुक्ल जी की शिक्षा-दीक्षा व ज्यादातर लेखन कार्य संस्कार धानी में ही हुआ है। नौकरी के सिलसिले में वे रायपुर चलें गए। लेकिन उनका जुड़ाव इस साहित्यिक धरा के साथ सदैव बना रहा। श्री कोशा ने कहा कि साहित्य त्रिवेणी पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, गजानन माधव 'मुक्तिबोध' व बल्देव प्रसाद मिश्र की इस नगरी के साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को साहित्य के क्षेत्र का सर्वोच्च सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलने से साहित्यिक धरा की साहित्य सर्वोच्चता की श्रृंखला में एक और अध्याय जुड़ गया है।

### समाज को श्रेष्ठ देने का होना चाहिए प्रयास

श्री शुक्ल ने अपने शहर संस्कारधानी नगरी के कवि साहित्यकारों द्वारा किए गए सम्मान से अभिभूत हो कर उन्हें ढेर सारा आशीर्वाद दिया और कहा कि समाज में व्याप्त विसंगतियो पर कवि/ साहित्यकार , लेखकों का पैनी नजर होनी चाहिए और अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को श्रेष्ठ देने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित सभी कवि/ साहित्यकारो को अच्छा साहित्य सृजन की प्रेरणा दी। इस अवसर पर कथाकार कुबेर साहू ने अपनी पुस्तकें श्री शुक्ल को भेंट किया। वहीं स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या आयोजित इस अभिनंदन मौके पर श्री कोशा ने उन्हें राष्ट्रध्वज तिरंगा भेंटकर उनसे आशीर्वाद लिया। श्री शुक्ल ने संस्कार धानी के कवि साहित्यकारों को पुनः उनसे मिलने आते रहने की बात कही। इस अवसर पर श्री शुक्ल के नाते-रिश्तेदार शाश्वत शुक्ल सहित अन्य परिजन उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी कवि/कथाकार मानसिंह मौलिक ने दी।

# मुसरा के खिलाड़ी हुए राज्य स्तरीय कराते स्कूल गेम चैंपियनशिप के लिए चयनित



डोंगरगढ़ (दावा)। गत दिवस दिनाँक 20 अगस्त 2025 को हुए संभाग स्तरीय कराते प्रतिस्पर्धा में स्पोर्ट्स अकैडमी मुसरा के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत से इतिहास रचते हुए राज्य स्तरीय कराते स्कूल गेम चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर चयन सुनिश्चित किया है। जिसमें बालिकाओ के प्रतियोगिता में काव्या बनवासी ने 14 वर्ष आयु वर्ग की -46 किलो वजन वर्ग में तथा जानवी साहू ने 17 वर्ष आयु वर्ग के 48 किलो वजन वर्ग में प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता और राज्य स्तर पर अपना नाम सुनिश्चित किया।

उसी प्रकार बालकों की प्रतियोगिता में सागर यादव को निराशा हाथ लगी परन्तु धर्मेन्द्र चौरका ने 17 वर्ष वर्ग की -58 किलो वजन वर्ग में प्रतियोगिता में उम्दा खेल दिखाते हुए राज्य स्तर पर अपनी जगह बनाई।

खिलाड़ियों के जितने पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुसरा के प्राचार्य कौशलराम चंद्रवाशी एवं पीटीआई (खेल प्रशिक्षक) भागचंद लिल्हारे एवं समस्त शिक्षकगण तथा ग्राम मुसरा की सरपंच श्रीमती गायत्री टेम्भुरकर, टीम के प्रशिक्षक सेंसई संजय ठाकुर तथा सह-प्रशिक्षक सैंपाई हेमप्रकाश मरकाम ने सभी खिलाड़ियों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी और भविष्य में और भी ऊँचाइयाँ प्राप्त करने की शुभकामनाएँ प्रेषित की।

# महापौर मधुसूदन ने कार्यालय में लगातार पांच घंटे तक जनता से मिलकर जन्मदिन की बधाईयां स्वीकार की



- संस्कारधानी में धूमधाम से मनाया गया मधु महोत्सव
- महापौर मधुसूदन को जन्मदिन की बधाई देने उमड़ा जन सैलाब

**राजनांदगांव (दावा)।** महापौर एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव का जन्मदिन 23 अगस्त को शहर सहित पूरे जिले में काफी जोश एवं उत्साह के साथ मनाया गया। राजनांदगांव शहर के साथ ही जिले के डोंगरगांव, डोंगरगढ़, छुरिया विकासखंड में भी महापौर को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने वाले बैनर पोस्टर से पटा नजर आया। पूर्व सांसद की लोकप्रियता के चलते उनके समर्थक एवं प्रशंसकों ने 22 अगस्त की सुबह से ही उनके घर पहुंचकर अपने लोकप्रिय जननायक को एक दिन पहले जन्मदिन की अग्रिम शुभकामनाएं देना एवं केक काटना प्रारंभ कर दिया था। जो सिलसिला 22 के बाद 23 अगस्त की देर शाम यह समाचार लिखे जाने तक चलता रहा। जिसमें महापौर को बधाई देने राजनांदगांव जिला के अलावा दुर्ग, रायपुर, कबीरधाम, केसीजी, एमएमसी, बिलासपुर, बालोद, बेमेतरा आदि विभिन्न शहरों से आगंतुक पहुंचते रहे और जनमदिन का जश्न मनाते रहे। जिसके चलते संस्कारधानी नगरी में दिनभर मधु महोत्सव की धूम मची रही। 23 अगस्त की प्रातःकाल से ही शहर की जनता सहित विभिन्न समाज एवं संस्था के प्रतिनिधिमण्डल, महापौर के समर्थक, परिजन, इष्टमित्रों उनके निवास पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाई देते रहे। अपनी जन्मदिन के अवसर पर भाजपा नेता मधुसूदन ने सर्वप्रथम मोतीपुर शीतलापारा मंदिर में माता आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात् आजाद चौक मोतीपुर स्थित शासकीय भवन में जिला आयुष विभाग राजनांदगांव द्वारा आयोजित एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया और मोतीपुर, रामनगर, नवागांव क्षेत्र की जनता को इस तरह के आयोजनों के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। इस अवसर पर महापौर ने पौधारोपण भी किया। इसके पश्चात् महापौर मधुसूदन ने बजरंगपुर नवागांव स्थित बापूटोला वार्ड नं. 1 में सपरिवार महाकाली मंदिर में पूजा अर्चना की। पश्चात् सोनारपारा, दिग्विजय कॉलेज रोड स्थित माता देवाला मंदिर पहुंचकर सहपरिवार नगर की ग्राम देवी शीतला माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में महापौर ने स्थानीय वृद्धाश्रम में जाकर वृद्धजनों के साथ जन्मदिन मनाया। वहीं दूसरी ओर अभिलाषा संस्थान में पहुंचकर दिव्यांगजनों के साथ भी जन्मदिन की खुशियां बांटी। अपने जन्मदिन पर प्रशंसकों एवं समर्थकों से मिलने के लिए महापौर ने अपने सिविल लाइन स्थित कार्यालय में दोपहर 1 बजे से देर शाम तक उपस्थित रहकर 5 घंटों से भी अधिक समय तक लगातार जनता की शुभकामनाएं, स्नेह एवं आशीर्वाद स्वीकारते रहे।

इस दौरान उन्होंने कार्यालय में छात्र युवा मंच द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। आज दिनभर महापौर मधुसूदन पूरी विनम्रता एवं शिद्दत से लोगों की शुभकामनाएं, उपहार, फूल मांलाऐं, भेंट एवं गुलदस्ते मुस्कुराकर स्वीकारते हुए उनसे प्राप्त स्नेह, अपनत्व एवं शुभकामनाओं के लिए कृतज्ञता प्रकट करते दिखे। जनता में दिनभर महापौर के साथ सेल्फी लेने और फोटो खींचाने की भी होड़ लगी रही। महापौर मधुसूदन के समर्थकों द्वारा भी महापौर कार्यालय सिविल लाईन एवं शहर के विभिन्न स्थानों पर केक काटकर उनका जन्मदिन धूमधाम, ढोलनगाड़ों और आतिशबाजी के साथ मनाया गया। जिससे 23 अगस्त को संस्कारधानी की जनता मधु महोत्सव के रंगों में सराबोर नजर आई।

## खेत में काम कर रहे किसान को अजगर ने जकड़ा



14 फीट लंबे अजगर ने लपेटा, दो किसानों की मदद से बची जान

राजनांदगांव (दावा)। जिले के तुमड़ीबोड चौकी क्षेत्र के ग्राम पेंडरवानी में किसान माखनलाल साहू पर अजगर ने हमला कर दिया, लेकिन दो किसानों की मदद से किसान की जान बाल-बाल बच गई। घटना 21 अगस्त को दोपहर 1:30 बजे की है।

दरअसल, माखनलाल खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान 14 फीट लंबे अजगर ने उन्हें लपेट लिया। अजगर ने उनके पैर और गले को जकड़ लिया। इससे वे जमीन पर गिर पड़े। पास के खेत में काम कर रहे दो किसान करण पटेल और चक्रधर कंवर ने माखनलाल की चीखें सुनीं। वे तुरंत मदद के लिए पहुंचे। उनकी सूझबूझ से माखनलाल को बचा लिया गया। घायल माखनलाल को राजनांदगांव जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार अब उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। ग्रामीणों ने अजगर को पकड़कर वन विभाग को सौंप दिया। वन विभाग ने अजगर को जंगल में छोड़ दिया। इस घटना के बाद से गांव के लोग सतर्क हैं। जिला सचिव कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ सतीश कोठारी ने यह जानकारी दी है।

## छग प्राकृतक सौंदर्य, सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक अधोसंरचना का अनोखा संगम - नीलू शर्मा



राजनांदगांव (दावा)। पुरी में आयोजित (आईएटीओ) के 40वे वार्षिक अधिवेशन में छत्तीसगढ़ टूरिज़्म बोर्ड की ओर से अध्यक्ष नीलू शर्मा एवं प्रबंध संचालक विवेक आचार्य आईएफएस देश एवं विदेश से आये ट्रैवल ऑपरेटर एवं टूरिज़्म इंडस्ट्री के लोगों के सामने छत्तीसगढ़ की पर्यटन को साझा करने हेतु उपस्थित और छत्तीसगढ़ की पर्यटन संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर भारत सरकार के पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, ओडिशा की उपमुख्यमंत्री सुश्री पार्वती परिदा, पर्यटन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं देश-विदेश के पर्यटन उद्योग के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में श्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ में पर्यटन विकास हेतु उठाए जा रहे नवीन कदमों और राज्य की विशिष्टताओं को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ अब एमआईसीई पर्यटन (मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंस और एग्ज़िबिशन) के लिए भी तैयार है तथा राज्य बड़े राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी करने में सक्षम है। श्री शर्मा ने पर्यटन निवेश और उद्योग सहयोग को आमंत्रित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक अधोसंरचना का अनोखा संगम प्रस्तुत करता है।

**आवश्यकता है**
प्रेस में रात्रिकालीन चौकीदार एवं हेल्पर की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें।
संपर्क :- दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726

## निगम कर्मचारियों ने मृत गाय को घसीटते हुए ले जाकर संवेदनहीनता का दिया परिचय, लोगों में आक्रोश

संवेदनहीन कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम के कर्मचारियों ने ब्राह्मण पारा में मृत पड़ी गाय को जिस तरह ट्रेक्टर से बांधकर सड़क में घसीटते हुए ले जाया गया है। इससे लोगों की आत्मा कराह गई है और निगम कर्मियों की इस संवेदनहीनता पर आक्रोश व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



बताया जाता है कि ब्राह्मण पारा की गली में एक गाय की मौत हो गई थी जिससे दुर्गंध व संक्रमण का खतरा बढ़ गया था। उसे उठाने के लिए निगम की टीम पहुंची लेकिन निगम कर्मियों द्वारा उक्त मृत गौ-माता को ट्रेक्टर में रस्सी बांधकर घसीटते हुए दुर्गति पूर्ण ले जाया गया। लोगों का कहना है कि हिंदूओं में माता की तरह पूजी जाने वाली गौ-माता का इस तरह हश्र होना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। गौ संरक्षकों ने कहा कि मृत गौ-माता को रस्सी बांधकर सड़क में घसीटने वाले निगम के संबंधित कर्मचारियों पर निश्चित ही कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की हरकत भूल से भी न कर सके। हिन्दु संगठन के लोगों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

## जीएसटी भुगतान और अन्य समस्याओं का समाधान होगा : उप मुख्यमंत्री

रायपुर। बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) की दो दिवसीय बैठक के दूसरे दिन आज उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बिल्डरों को आश्वासन दिया कि राज्य से होने वाले कार्यों में जीएसटी का भुगतान अलग से किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बिल्डरों और ठेकेदारों की अन्य समस्याओं का भी शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से पीडब्ल्यूडी विभाग के मुख्य अभियंता स्तर की समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। बैठक में मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बिल्डर और ठेकेदारों को बस्तर संवेदनशील इलाकों में जाकर सड़क निर्माण जैसे कार्य कर रहे हैं यहां आज इस अंचल में तेजी से विकास हो रहा हैं। इसके साथ ही बैठक में एमएसएमई क्षेत्र में आ रही चुनौतियों और ईपीएफ भुगतान में कई राज्यों में हो रही देरी के मुद्दों पर भी चर्चा हुई। एसोसिएशन ने मांग की है कि इन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शासन विशेष नीति बनाए।










स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com